हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 2 मई 2024

तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

10 महंगाई से राहत देने 29 रूपए किलो में चावल बेचेंगे मिलर

तापमान 42 डिग्री सेल्सियस, मतदान पर हीट वेव की आशंका

भिलाई-सेक्टर-1 विवेकानंद पार्क में गर्मी से निजात पाने बच्चे बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बुधवार को दुर्ग जिले का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। मौसम विभाग ने आने वाले में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक पारा और बढ़ने की चेतावनी दी है। जिस तरह से गर्मी भीषण रूप ले रहा है उससे लोकसभा चुनाव के मतदान पर भी असर पड़ सकता है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में मतदान 7 मई को होना है। मौजूदाहालात को देखते हुए जिला निर्वाचन आयोग ने भी मतदाताओं की सुरक्षा को लेकर रणनीति बनाने जा रही है।

लोकसभा चुनाव को लेकर 7 मई को होना है मतदान

भीषण गर्मी में नहीं जुट पा रही भीड़

पिछले दो दिनों से तेज गर्मी का असर लोकसभा चुनाव प्रचार पर भी दिखाई पड़ने लगा है। भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी पूरे क्षेत्र को जल्द से जल्द कवर करने पहुंच रहे हैं लेकिन भीषण गर्मी की वजह से लोगों को एकत्र करने में कार्यकर्ताओं के पसीने छूटने लगे हैं। प्रत्याशी जहां भी जा रहे हैं उतनी भीड़ जुट नहीं पा रही है। एक सप्ताह पहले प्रत्याशियों के दौरा कार्यक्रम स्थल पर अच्छी खासी भीड़ जुट जाती थी। जिस क्षेत्र में पार्टी के लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है उन्हे लोगों को एकत्र करने के लिए कई बार लोगों को भेजना पड़ रहा है तब कहीं जाकर वे पहुंच रहे हैं।

मतदान प्रतिशत में पड़ सकता है असर

जिस हिसाब से तापमान 42 डिग्री पहुंच गया है और आने वाले दिनों में यह 45 डिग्री तक हो जाएगा। मौसम विभाग की इस चेतावनी के बाद प्रत्याशियों और प्रशासन दोनों के लिए चिंता का विषय बन गया है। ज्यादातर मतदान केंद्र स्कूल ही हैं लेकिन यहां कक्ष के बाहर खुला वातावरण हैं। इसी खुली जगह पर मतदाताओं को वोट करने के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ेगा। सुबह से तेज धूप में ऐसी स्थिति में मतदाताओं का लंबे समय तक खड़ा हो पाना मुश्किल होगा। मौजूदा स्थिति से मतदान पर भी कई लोग नहीं जा पाएंगे। इसलिए मतदान केंद्रों में हीट वेव से बचाने के लिए उपाय करने होंगे।

टाउनशिप में वैसे ही कम मतदान

भिलाई विधानसभा के टाउनशिप क्षेत्र में हर चुनाव में कम मतदान होता आया है। विधानसभा चुनाव में जब ठंड के मौसम में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा तो भीषण गर्मी के दिनों में और नीचे जा सकता है। भिलाई विधानसभा और वैशालीनगर विधानसभा भिलाई क्षेत्र में आते हैं। टाउनशिप के लोगों को मतदान के लिए निकालने के लिए मतदान केंद्रों में हीट वेव से सुरक्षा की सुविधा पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत पड़ सकती है।

हीट वेव प्रबंधन के लिए आज बैठक : लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 7 दुर्ग के लिए मतदान दिवस के दिन हीट वेव के संदर्भ में उचित प्रबंधन एवं आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के संबंध में लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में 2 मई को सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई चरोदा, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सेक्टर अधिकारियों को व्यवस्थाओं की जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

खबर संक्षेप

बदमाश संजय बिहारी को किया गया जिला बदर

भिलाई। कलेक्टर के आदेशानुसार दीपक नगर दुर्ग निवासी संजय सिंह राजपूत पर जिला बदर की कार्रवाई की गई है। संजय सिंह मोहन नगर थाना को राजस्व जिला दुर्ग और उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी जिला की सीमाओं से आदेश पारित की तिथि से एक सप्ताह के अंदर हटने अथवा बाहर चले जाने का आदेश पारित किया गया है। बदमाश संजय सिंह को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में अनुमति के बिना प्रवेश नहीं कर पाएगा। एसपी जितेन्द्र शुक्ला द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपी वर्ष 1994 से आम लोगों को हथियार दिखाकर भयभीत करना, मारपीट , जन सामान्य से गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देना, प्राणघातक चोंट पहुंचाना, अवैध शराब की बिकी समेत असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर अवैध वसूली,जमीन दलाली कर आम जनता को आतंकित करना, डकैती, जुआं खिलाने के अपराध में शामिल रहा है। बदमाश के खिलाफ थाना मोहन नगर में 13 अपराधिक, प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। इसके बाद भी संजय सिंह राजपुत अपने आचरण में किसी भी प्रकार का सुधार नहीं लाया गया है। बदमाश को न्यायालय द्वार कारण बताओं नोटिस जारी करने पर भी उसके द्वारा कोई जवाब पेश नहीं किया। बदमाश के खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई कर उसका पक्ष समर्थन का अवसर समाप्त किया गया।

दुर्ग स्टेशन में भी आएगी समर स्पेशल ट्रेन

भिलाई। समर के दौरान रेल यात्रियो की मांग एवं सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए सूरत एवं ब्रह्मपुर ;उड़ीसाद्ध के मध्य तीन अतिरिक्ति फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है । 09069 द 09070 सूरत.ब्रह्मपुर.सूरत साप्ताहिक समर स्पेशल की सुविधा 1 से 17 मई तक इस गाडी का परिचालन रहेगा । यह ट्रेन दुर्ग स्टेशन में भी पहुंचेगी। दुर्ग स्टेशन में 19.35 बजे आएगी और 19.45 बजे रवाना होगी। 09069 सूरत.ब्रह्मपुर साप्ताहिक समर स्पेशल का परिचालन 1 द 8 एवं 15 मई को प्रत्येक बुधवार को सूरत से रवाना होगी ।

श्रमिक दिवस पर हुए हादसे से लोग आक्रोशित

हाईवा की ठोकर से मजदूर की मौत ग्रामीणों का मुख्य मार्ग पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हाइवा की ठोकर से मजदूर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम फूंडा निवासी अशोक वर्मा सिक्सलेन निर्माण करने वाली कंपनी में कर्मी के रुप में कार्यरत था। घर से नाइट ड्यूटी के लिए निकला था। लेकिन हाइवा सीजी 07 सीपी 5856 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए अशोक को चपेट में ले लिया। अशोक की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर लगने पर ग्राम देवादा के ग्रामीण व परिजनों ने ठेका कंपनी के खिलाफ सड़क पर चक्काजाम कर दिया। खबर लगते ही मौके पर पाटन पुलिस समेत एसडीओपी आशीष बंछोर पहुच गए और चक्काजाम कर रहे लोगों को काफी समझाया। मृतक अशोक दुर्ग-पाटन सिक्सलेन का सड़क निर्माण कर रहे कंपनी में मजदूर के रुप में कार्यरत था। मृतक परिवार को कंपनी ने 15 लाख रुपए का मुआवजा देने का आश्वासन दिया। उसके बाद ही ग्रामीणों ने चक्काजाम को समाप्त कर दिया। मृतक के परिजनों को तुरंत 2 लाख रुपए की राशि दी गई बचे 13 लाख रुपए चेक के तहत दिया गया। इसके अलावा बीमा कंपनी और सरकार की योजना से मिलने वाली राशि भी परिजनों को दी जाएगी। गौरतलब हो कि पाटन क्षेत्र में साल भर में सड़क हादसे में दर्जन भर से भी अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी सड़क पर हाइवा, डम्पर समेत भारी वाहनों पर आज तक अंकुश नहीं लगाया गया है। उक्त क्षेत्र में रेती गिट्टी के बड़े खदान भी है। उनकी भी भारी वाहने यहीं से गुजरती है लेकिन यहां की ट्रैफिक व्यवस्था बेकार है।

कंपनी के कार्यालय में जमकर प्रदर्शन

पाटन में सिक्सलेन का निर्माण करने वाली कंपनी के मजदूर की हादसे में मौत होने के बाद परिजन को उचित मुआवजा देने से कंपनी पहले मना कर दिया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण भड़क गए और देवादा स्थित सिक्सलेन कंपनी के कार्यालय का घेराव कर दिया। कंपनी के बाहर महिला और पुरुषों की संख्या भारी थी। पुलिस ने हादसे की जांच भी शुरू कर दी है। घटनास्थल पर भाजपा-कांग्रेस के स्थानीय नेता भी पहुंचे थे। सभी ने सुबह 8 बजे से 11.30 बजे तक धरना प्रदर्शन करते रहे। मुआवजे के बाद धरना खत्म कर दिया गया है।

छत पर लेने गई कपड़ा करंट से बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छज्जा में कपड़ा सुखाते समय करंट की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया

- लोहे की तार से उसे निकालने का प्रयास किया

कि मंगलवार की शाम लेबर कैम्प वार्ड 8 निवासी वैष्णवी साहू 13 वर्ष कक्षा आठवीं की छात्रा अपने नानी के घर गई हुई थी। उसके माता पिता किसी काम से रायपुर गए थे। उस समय वैष्णवी घर पर अकेली थी। वैष्णवी एक लोहे की छड़ी की सहायता से घर के छज्जे पर सूख रहे कपड़े को निकाल रही थी। तभी वह स्टिक तार को टच कर गई है और करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। रात 8 बजे जब माता पिता रायपुर से घर लौटे तो देखा कि घर के भीतर वैष्णवी मृत पड़ी मिली। वैष्णवी के माता पिता ने मामले की सूचना जामुल पुलिस को दी। माता पिता की चींख पुकार सुनकर मोहल्ले वालों की भीड़ इकठ्ठा हो गया। शव को पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल सुपेला लाया गया। उसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

युवक का शव मिला

भिलाई। युवक का नाले में शव मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बुधवार की सुबह चन्द्रा-मौर्या टाकिज के पास नाली में मृत हालत में युवक का शव मिला। जिसका शिनाख्त करने पर किशोर हटिले डोगरगढ़ निवासी के रुप में पहचान हुई। मृतक रोजी-मजदूरी का काम करता था।

ऑनलाइन बस टिकट बुक के नाम पर सात लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन बस की टिकट बुकिंग के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के ख्रिलाफ धारा

- टिकट वापसी के लिए ऐप डाउनलोड करने के बाद खाते से पैसे पार

420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि कोहका निवासी ओमप्रकाश लिल्हारे हाइटेक अस्पताल में टेक्निशियन का कार्य करता है। पीड़ित 29 अप्रैल को बीजापुर गया था। रेड बस सर्विस से ऑनलाइन टिकट बुक करया था। नेटवर्क की खराबी के कारण टिकट बुक नहीं हो पाया। 1659 रुपए पीड़ित की पत्नी के खाता से कटा था । मगर पीड़ित का टिकट कैंसल हो गया था। पीड़ित ने बीजापुर आया तो नेटवर्क से ऑनलाइन रेड बस टिकट का पैसा रिफण्ड के लिए ऑनलाइन हेल्पलाइन नंबर गूगल से खोज निकाला। जिसमें पीड़ित ने कॉल करने पर राज मल्होत्रा नामक व्यक्ति ने कॉल रिसीव किया। पीड़ित को राज ने एक ऐप डाउनलोड करने को कहा। उसके बाद ऐप डाउनलोड करने पर पत्नी के खाता की हर जानकारी आरोपी ने अपने पास रख लिया। उसके बाद पीड़ित के खाते से 7 लाख 31 हजार 399 रुपए पार हो गया।

सटोरिया पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सट्टापट्टी के साथ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एसएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा और गोवर्दन चौक में दबिश देकर लक्ष्मण सिंह और गौतम पाल को पुलिस ने पकड़ा है। दोनो सटोरियों के पास से पुलिस ने नगदी रकम 7360 रुपए सट्टा पट्टी, कलम जब्त किया है।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

भिलाई। अवैध शराब के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब बिक्री करने वालो पर अंकुश लगाने पुलिस ने अभियान चलाकर रखा है। मौके पर पहुची पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम सुरेन्द्र प्रसाद केम्प 1 18 नंबर रोड वृंदा नगर का रहने वाला बताया। आरोपी के पास से पुलिस को मकान के छत में छिपाकर रखे 9 नग प्लास्टिक के बोरी में रखे 413 पौव्वा शोले देशी मसाला शराब जब्त किया। जिसकी कीमत 45 हजार 430 रूपये और बेचने की नगदी रकम 1520 रुपए बरामद किया है। कार्रवाई में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, समेत निरीक्षक ममता अली शर्मा, उनि घनश्याम सिंह नेताम, आरक्षक आवेश सिद्धकीय, भागवत साहू, आरक्षक नितेश पाण्डेय, आरक्षक राजकुमार यादव, आरक्षक भूपेन्द्र बघेल, महिला आरक्षक ममता वासनिक समेत श्रेया राजपुत की शामिल थी।

बाइक में मिली शराब

नेवई पुलिस ने बताया कि अवैध शराब बेचने वाले एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा निवासी सुमित पाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 30 पौवा देशी प्लेन शराब को बाइक सीजी 07 एलबी 8388 को चेकिंग के दौरान पूछताछ के लिए रोका गया। इससे आरोपी हडबड़ा गया चेकिंग करने पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली।

रेलवे स्टेशन में पुशिंग कार्य की वजह से 22 ट्रेनों को किया गया निरस्त

डोंगरगढ़ गोंदिया मैमू पैसेंजर समेत कई ट्रेनें रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे स्टेशन एलएचएस में पुशिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों का परिचालन रद्द होगा। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रेलवे स्टेशन में किया जाएगा। यह कार्य 8 से 10 मई और 19 से 30 मई तक किया जा रहा है।

इस कार्य के लिए 22 ट्रेने को रद्द किया गया है। जिसमें 8 से 10 मई डोंगरगढ़ से चलने वाली ट्रेन 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, 9 से 11 मई गोंदिया से चलने वाली 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल, सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08716 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, 8 से 10 मई गोंदिया से चलने वाली 08713 गोंदिया-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल, 9 से 11 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08756 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल,रामटेक से चलने वाली 08751 रामटेक-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल, 8 से 10 मई सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08754 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) झ्ररामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल, रामटेक से चलने वाली 08755 रामटेक-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल, 8 से 10 मई सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08714 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल,8 से 10 मई तक बालाघाट से चलने वाली 08715 बालाघाट-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल, 8 से 10 मई सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08281 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-तिरोडी पैसेंजर स्पेशल,8 से 10 मई तिरोडी से चलने वाली 08284 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर स्पेशल, तुमसर रोड से चलने वाली 08283 तुमसर रोड-तिरोडी पैसेंजर स्पेशल,तिरोडी से चलने वाली 08282 तिरोडी- सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर स्पेशल, 6 से 8 मई टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस,8 से 10 मई सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 18110 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) टाटानगर एक्सप्रेस,8 से 10 मई नागपुर से चलने वाली 11201नागपुर शहडोल एक्सप्रेस, 9 से 11 मई शहडोल से चलने वाली 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द किया गया है।

इन ट्रेनें को अस्थायी रूप से रद्द किया

रेलवे ने 8, 10, 11, 13, 15, 17, 18, 20, 22, 24, 25, 27, 29, 31 मई को सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 11755 सुभाष चंद्र बोस -रीवा एक्सप्रेस, 7, 09, 10, 12, 14, 16, 17, 19, 21, 23, 24, 26 ,28, 30 मई को रीवा से चलने वाली 11756 रीवा-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस, 19 से 30 मई नागपुर से चलने वाली 11201 नागपुर- शहडोल एक्सप्रेस, 20 से 31 मई शहडोल से चलने वाली 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस ट्रेनों को अस्थायी रुप से रद्द किया गया है।

गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना

भिलाई। भिलाई निगम की टीम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई कर रही है। जोन 4 की राजस्व टीम राजस्व करो कि वसूली करते हुए अद्यौगिक क्षेत्र छावनी पहुंचा तो देखा कि वार्ड 41 में पी.डी.एस. भवन के पास बलजीत सिंह कुर्रे ने सीमेंट के डस्ट से गंदगी फैला रखा रहा है। आस पास के लोगो ने बताया कि हवा तुफान में ये डस्ट उड कर साँसो में समा रहा है ।सदस्यो ने कुर्रे से दस हजार रूपये दाण्डिक शुल्क वसुलते हुए सीमेंट कार्य को घनी आबादी से हटाने को कहा है। इसी प्रकार जोन 2 के स्वास्थ अमले ने बोरी में भर कर मैदान में कचरा फेकने वाले सागर जायसवाल से एक हजार रूपये अर्थ दण्ड वसूल किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

खबर संक्षेप

सेवानिवृत्त दो कर्मचारियों को दी गई विदाई

दुर्ग। नगर पालिक निगम के जलप्रदाय विभाग में पदस्थ दो कर्मचारियों बगस सारथी एवं श्याम लाल यादव के सेवानिवृत्ति होने पर स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि सेवानिवृत्ति कर्मचारी की निश्चित व्यवस्था है। सही में यह एक दौर की शुरुआत है। सभी कर्मचारियों को इस दौर से गुजरना होता है। आयुक्त द्वारा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जल प्रदाय विभाग दोनो कर्मचारी बगस सारथी एवं श्याम लाल यादव को एक सच्चे व जिम्मेदार कर्मचारी रहे। सेवानिवृत्ति से उपजी उनकी कमी हमेशा खलेगी। इन लोगो ने जल प्रदाय विभाग मे अपनी कार्य को सच्चाई ईमानदारी से निर्वहन किया है जल प्रदाय विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी इनकी स्वस्थ दीर्घायु की कामनाएं करते हुए सहसम्मान बिदाई दिया गया। इस बिदाई समारोह के अवसर पर राजूलाल चंद्राकर जलकार्य निरीक्षक, श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, श्रीमती लक्ष्मी साहू, सीमा नायक, सुजाता, भागवत यादव, कोमल यादव, एरिक जांशन मसीह, दिनेश, नरेंद्र ठाकुर, राजेश निषाद, कुशाल, राकेश यादव, प्रश्नन पात्रे, राकेश निषाद, पप्पू यादव उपस्थित रहे।

संपत्तिकर में अप्रैल से जून तक 6 प्रतिशत छूट

दुर्ग। नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में रहने वाले कर दाताओं को अप्रैल से जून तक के चालू वर्ष की संपत्तिकर अदायगी पर 6 फीसदी छूट देने का निगम प्रशासन ने फैसला लिया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर शहर में निवासरत वार्ड क्रमांक 1 से 60 वार्ड के संपत्तिकर करदाताओं द्वारा अपने भवनों, भूमियों का सनहाल वित्तीय वर्ष 2024-25 का टैक्स राशि जमा करने वाले करदाताओं को वर्ष 2024-25 के संपत्तिकर पर छूट का लाभ दिया जाएगा। राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि अप्रैल से जून तक 6 प्रतिशत छूट, जुलाई से सितम्बर 4 प्रतिशत छूट एवं अक्टूबर से दिसम्बर तक 2 प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते है।

लू के उचित प्रबंधन के संबंध में बैठक आज

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए मतदान दिवस के दिन हीट वेव के संदर्भ में उचित प्रबंधन एवं आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के संबंध में लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में 2 मई को प्रातः 11 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई चरोदा, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सेक्टर अधिकारियों को व्यवस्थाओं की जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गये हैं।

बाल विवाह रोकने दीवारों पर लिख रहे नारे, स्वयंसेवक कार्य में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बाल विवाह को रोकने इन दिनों ग्राम पंचायत में जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते स्वयं सेवक दीवारों पर नारा लिखकर लोगों को जागरूक करने जूटे है।

युवोदय दुर्ग के दूत स्वयं सेवकों के द्वारा ब्लॉक धमधा के ग्राम धौराभाटा, ग्राम तरपोरी में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत तरकोरी में स्वयंसेवक निरंजन के द्वारा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में पोस्टर चिपकने का कार्य किया गया। ग्राम बोरीगारका में स्वयंसेवकों द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी एवं युवोदय वालंटियर से बाल विवाह से संबंधित चर्चा की गई एवं नारा लेखन का कार्य किया गया। स्वयं सेवको के द्वारा बाल विवाह रोकथाम जागरुकता से संबंधित पोस्टर सार्वजनिक स्थानों मे चस्पा करके समुदाय के लोगों को बाल विवाह से होने वाले हानिकारक प्रभावों के विषय मे जानकारी दिया गया। बाल विवाह एक गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन है जो दुनिया भर में प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को प्रभावित करता है, जो उनके बचपन, शिक्षा और भविष्य के अवसरों को छीन लेता है। भारत में, कानूनी प्रावधानों के बावजूद, बाल विवाह एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है, खासकर ग्रामीण और समाज से वंचित समुदायों में। बाल विवाह को समाप्त करने में एक मुख्य चुनौती यह है कि इस अभिवादन के पीछे छिपी सामाजिक मान्यताएं और विश्वास हैं जो इसे प्रथा बनाती हैं। गरीबी, शिक्षा की कमी और लिंग असमानता भी इस समस्या को और अधिक बिगाड़ती हैं, जिससे लड़कियाँ अपने बचपन से ही शादी के लिए मजबूर होती हैं।

ग्राम पंचायतों में बाल विवाह विषय पर चर्चा एवं नारा लेखन कार्य जारी

शिक्षा के आड़े आता है बाल विवाह

बाल विवाह के कारण लड़कियों के स्वास्थ्य, शिक्षा, और सम्पूर्ण कल्याण प्रभावित होता है। शीघ्र गर्भावस्था मातृत्व मृत्यु और मृत्यु के जोखिम को बढ़ाती है और यह लड़कियों को उनके शिक्षा के अधिकार से वंचित कर देती है, जो उनके व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए अवसरों की सीमा को कम करता है। भारत में बाल विवाह अधिनियम 2006 (निषेध और उसकी रोकथाम) 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़कों की शादी को निषेधित करता है। इस कानून के बावजूद, प्रवर्तन एक चुनौती है, और कई मामले अर्जित नहीं होते हैं या समाधान के लिए अर्जित नहीं होते हैं।

विभिन्न समुदायों को जोड़ने का प्रयास

बाल विवाह को खत्म करने के लिए सरकारी एजेंसियों, सिविल सोसायटी आर्गेनाइजेशन्स और समुदायों की भागीदारी सहित कई पहलुओं का सम्मिलित दृष्टिकोण आवश्यक है। जागरूकता अभियान लड़कियों की शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण में उच्चस्तरीय परिवर्तन लाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है और उनके सतत विकास के लिए एक बाधा है। यह महत्वपूर्ण है कि इस हानिकारक प्रथा की समाप्ति सुनिश्चित करने हेतु हम मिलकर काम करें। युवोदय दुर्ग के दूत स्वयं सेवकों के द्वारा आगामी दिनों मे भी बाल विवाह रोकथाम हेतु जिले के विभिन्न क्षेत्रों मे जागरूकता गतिविधियां की जायेंगी।

राहत : केन्द्र सरकार ने जारी की पालिसी, एजेंसी भी हो गई नियुक्त

महंगाई से राहत देने 29 रुपए किलो में चावल बेचेंगे मिलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खुले बाजार में चावल की बढते दाम से लोगों को राहत देने के लिए अब मिलर बाजार में केन्द्र की योजना के तहत भारत छाप चावल बेचेगें। केन्द्र द्वारा एफसीआई से मिलरों को बीस रूपए किलो में चावल बेचेगें, वही मिलर इसे प्रोसेस कर करीब 29 रूपए किलो में खुले बाजार में बेचेगी। केन्द्र द्वारा जारी पालिसी के अनुसार एफसीआई द्वारा मिलरों को चावल भी जारी कर रही है।

केन्द्र के इस नई पालिसी को लेकर बाजार में व्यापारियों के बीच खलबली मचा दी है। व्यापरी वर्ग में इसलिए सक्ते में है। क्योंकि केन्द्र की सस्ती चावल बाजार में आएगी, तो प्रतिस्पर्धा बढ जाएगी। हांलाकि यह तो तय हैं कि भारत छाप के नाम से योजना लांच हो गई है। लेकिन इस योजना की जानकारी जिले के मिलरों को भी नही है। यहां के फूड विभाग के अधिकारी भी इससे अनजान है। मिलरों को यह बता दिया गया है कि प्रोसेस के बाद उनसे चावल की खरीदी की जाएगी। लेकिन उन्हें इसे किसी नियुक्त किए गए एंजेसी को बेचना है या खुले बाजार में इसे बेचने है। इसकी जानकारी उच्च अधिकारी जिले के अधिकारी को नही दिए है। जिसके चलते इस योजना को लेकर काफी चर्चा बना हुआ है।

जिला प्रशासन को जारी नहीं किया गया स्पष्ट आदेश, पांच और 10 किलो का मिलेगा पैकेट

बाजार में पचास रूपए तक पहुंचा चावल

सालभर में चावल की खुदरा कीमतों में करीब 15 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया। जिसके चलते इन दिनो बाजार में चावल पचास रूपए किलो तक पहुंच गया है। माना जा रहा है कि, केन्द्र लोगों को राहत देने के लिए बाजार में भारत छाप चावल उतारने की तैयारी में है। लेकिन एफसीआई के जरिए कराए जा रहे इस प्रोसेस को लेकर अधिकारी भी अधूरे ज्ञान के बीच काम कर रहे है।

दाल से लेकर आटा भी बिक रहा

जानकारी अनुसार नेफेड कंपनी (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ) इससे पहले सस्ते भारत दाल और भारत आटा बेच रही है। बाजार में इसे बेहतर रिस्पांस भी मिल रहा है। इसी पैटर्न पर केन्द्र ने चावल बेचने की तैयारी की है। मिलर कह रहे है कि, वे चावल खुले बाजार में बेचेगें। लेकिन चर्चा ऐसा भी है कि, मिलरों से इसे सिर्फ प्रोसेस कराया जाएगा। जिसके बाद केन्द्र की नियुक्त एंजेसी यानि नेफेड इसे ग्राहको को बेचेगें।

कौन किसे बेचेंगे यह तय नहीं

जानकारी अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में चावल बेचने की तैयारी विगत फरवरी माह से कर चुकी है। जिसकी पेशकस पूर्व में केन्द्रिय मंत्री पीयूष गोयल भी कर चुके है। दुर्ग जिले में भी एफसीआई के अधिकारियों द्वारा जिले के मिलरों को डीओ लेटर जारी कर दिया गया है। जिसके तहत प्रोसेसिंग भी शुरू हो चुकी है। मिलरों का कहना है कि, इसे वे खुले बाजार में बेचेगें। लेकिन एफसीआई के अफसर कह रहे है कि, मिलर से वे चावल खरीदेगें। इसे लेकर संशय की स्थिति है।

जानकारी नहीं

भारत छाप चावल की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लेकिन विभाग को विस्तृत जानकारी नही मिली है।

-सीपी दीपांकर, खाद्य नियंत्रक दुर्ग

प्रक्रिया चल रही

एफसीआई से हमे बीस रूपए किलो में चावल मिल रहा है। जिसे प्रोसिसिंग के बाद बाजार में 29 रूपए किलो में बेचना है।

-विनित जैन, अध्यक्ष, राईस मिल एसोसिएशन

स्पैरो ने सत्रह हजार लेकर नहीं दी रसीद, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्पैरो कंपनी द्वारा किए गए घोटाले की लगातार शिकायत सामने आ रही है। स्पैरो कंपनी द्वारा शहर के वार्डो में वसूली के बाद मोटी रकम अंदर की गई है। इस मामले के उजागर होने के बाद भी निगम प्रशासन कार्यवाही नही कर रही है। ऐसा लगा रहा है कि निगम महकमे के दामन में भी दाग है।

मिली जानकारी अनुसार मेहत्तर राम सोनी आ० स्व० रामखिलावन सोनी निवासी गली नं. 05 बोरिंग के पास गया नगर, दुर्ग वार्ड नं. 04 तहसील व जिला दुर्ग छग निजी मकान मौजा गली नं. 05 बोरिंग के पास गया नगर, दुर्ग वार्ड नं. 04 तहसील व जिला दुर्ग छग में स्थित है। उन्होने आयुक्त लोकेश चंद्राकर से लिखित शिकायत में कहा हैं कि, मेरे मकान का सम्पत्तिकर टैक्स, जलकर टैक्स वर्ष 2020-21 से 2023-2024 तक टैक्स नगर पालिक निगम के द्वारा भेजा गया। ठेका कर्मचारी निर्णय देवांगन के द्वारा 28 मार्च 2024 को सत्रह हजार चार सौ तिरसठ रूपये नगद ले गया है। लेकिन रसीद नही दी गई। आवेदन ने कहा हैं कि, उक्त सम्पत्तिकर टैक्स रसीद की पक्की पावती प्राप्त करना चाहता हूं।

स्पैरो के कर्मचारी फोन नहीं उठा रहे

आवेदन ने बताया कि, जिस कर्मचारी ने उनसे राशि ली है। उन्हें लगातार फोन भी कर रहे है। लेकिन वे फोन नही उठा रहे है। आवेदक ने आरोप लगाया है कि उसकी राशि निगम के खजाने में जमा नही कर स्पैरो कंपनी लेकर चली गई है। इस तरह की लगातार शिकायत आ रही है।

सेवानिवृत्त वाहन चालक को दी विदाई

दुर्ग। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ वाहन चालक शिवकुमार भंवर का सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न किया गया। जिसमें कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इनकी पद स्थापना सन 1987 से आज पर्यंत तक खेसारी स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में रहा होगा।

चुनाव के बाद जारी होंगे बोर्ड परीक्षा के नतीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सात मई को चुनाव के निपटने के बाद दूसरे दिन परीक्षा परिणाम घोषित कर सकती है। इसके लिए मंडल द्वारा राज्य चुनाव आयोग से अनुमति लेने की पेशकश भी कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा है कि, चुनाव के बाद परिणाम जारी हो जाएंगे।

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा (माशिमं) 1 मई से हेल्पलाइन नंबर जारी कर चुका है। यह हेल्पलाइन नंबर 1 मई से 15 मई तक चलेगा। इस बीच काउंसलर छात्रों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को सुनते हुए बोर्ड परीक्षा और उससे जुड़ी परेशानियों को लेकर बात करेंगे। जिसमें मनोचिकित्सक, विषय विशेषज्ञ और दूसरे अधिकारी छात्रों की परेशानी पर उन्हें मार्गदर्शन दिया जाएगा।

ये है हेल्पलाइन नंबर

एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर और मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर सातों दिन 24 घंटे निः शुल्क परामर्श ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि, विगत 14 अप्रैल को मूल्यांकन का काम पूरा हो गया था, अब सिर्फ रिजल्ट जारी करने से पहले की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तहत 3 चरणों में वोटिंग हो रही है। पहले और दूसरे चरण का मतदान पूरा हो चुका है तो वहीं तीसरे चरण में 7 मई को वोट डाले जाएंगे।

आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 मई

दुर्ग। प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं सत्र (2024-25) में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट पर 23 अप्रैल से प्रारंभ हो गया हैं। ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 मई 2024 निर्धारित किया गया है। 18 से 20 मई तक ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार किया जाएगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 9 जून 2024 रविवार को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदवासी विकास से प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु दुर्ग जिले के विद्यार्थी एवं छत्तीसगढ़ के अंतर्गत अन्य जिले के इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन भर सकते हैं।

मनरेगा श्रमिकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान, वोट देने किया गया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 अंतर्गत चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

- नारों के साथ निकाली रैली एवं शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ

इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में आज 1 मई, अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत श्रमिकों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर श्रमिकों को मतदान के प्रति जागरूक कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही गांव-गांव में जाकर ग्रामीणों को शपथ एवं रैली के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जनपद पंचायत पाटन में मनरेगा अन्तर्गत 104 ग्राम पंचायतों में 311 निर्माण कार्यों में 23,697 श्रमिक कार्यरत हैं। वहीं जनपद पंचायत धमधा में 119 ग्राम पंचायतों में 376 निर्माण कार्यों में 22,629 श्रमिक कार्यरत हैं एवं जनपद पंचायत दुर्ग में 73 ग्राम पंचायतों में 281 निर्माण कार्यों में 17,472 श्रमिक कार्यरत हैं। इस प्रकार जिले में कुल 63,798 श्रमिक प्रतिदिन कार्य कर रहे हैं। मतदान जन जागरूकता अभियान के तहत श्रमिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित कर अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया।

श्रमिकों को परोसा गया भोजन

अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत छावनी जनपद पंचायत पाटन में लगभग 150 श्रमिकों को अजय सिंह राठौर, विजय राठौर, नयना, ममता, योगिता, श्रेया, अर्नव, सरपंच चौती बाई यादव सचिव दिनेश साहू के विशेष सहयोग से गरम-गरम भोजन परोसा गया। जिसमें खीर, पुड़ी दो सब्जी चांवल का भोजन आहार देकर श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी गई एवं मतदान के लिए जन-जागरूकता अभियान एवं रैली तथा शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महंगाई के अलावा संविधान पर भी बोले भाजपा प्रवक्ता

वार्षिक सूचकांक में महंगाई की दर हो रही कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा चुनाव में महंगाई को एकतरफ जहां कांग्रेस मुद्द बनाकर चल रही है, वही प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता केदार गुप्ता का कहना है कि, वार्षिक सूचकांक के अनुसार सामने आए आंकडे में महंगाई लगातार कम हो रही है। उन्होने इस दौरान कांग्रेस के संविधान बदलने के मामले में भी बेबाकी से जवाब दी।

- प्रदेश भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने ली प्रेसवार्ता

केदार गुप्ता का कहना है कि, पिछले दस वर्षो में वार्षिक सूचकांक 7.6 थी, जिसके बाद भाजपा के आने के बाद यह 5.4 कम होकर वर्तमान में 4.8 पर है। उन्होने देश का संविधान बदलने के कांग्रेस के आरोपों को भाजपा ने सिरे से खारिज किया है। इसे लेकर बुधवार को गंजपारा स्थित भाजपा के मुख्य लोकसभा चुनाव कार्यालय में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता व मुकेश शर्मा ने संयुक्त रुप से मीडिया से चर्चा में कांग्रेस को जमकर घेरा। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने चर्चा में कहा कि भाजपा ने कभी नहीं कहा है कि हम संविधान बदलेंगे। छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाकर जनता में भ्रम फैला रहे है।

कांग्रेस ने खुद अस्सी बार संविधान बदला

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि, वास्तविकता यह है कि कांग्रेस सरकार ने अपने पूर्व कार्यकाल में सर्वाधिक 80 बार संविधान में संशोधन किए है। जिसमें डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने 30 बार और श्रीमती इंदिरा गांधी सरकार ने 25 बार व पंडित जवाहरलाल नेहरु की कांग्रेस सरकार ने 16 बार संविधान में संशोधन कर चुकी है। इंदिरा गांधी सरकार ने अपनी कुर्सी बचाने संविधान में संशोधन कर संविधान का उपहास उड़ाया था।

मूल स्वरूप से छेड़छाड़ नहीं हो

डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान में स्पष्ट है कि, इसकी मूल स्वरुप से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है, लेकिन कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या कर दी थी। श्री कोर्सेवाडा ने कहा कि, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वह निराधार ल व झूठा आरोप लगा रही है। भाजपा ने सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ सभी वर्गों के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य किए है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि देश के संविधान में कुल 106 बार संशोधन किए गए है। जिसमें कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 80 बार संशोधन किए है।

लोक कला मंच पंडवानी रिंगनी की वार्षिक आम सभा 5 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पद्मश्री स्वर्गीय पुनाराम निषाद द्वारा पंडवानी सहित अन्य क्षेत्रीय लोक कलाओं को निरंतर समृद्ध करने की दृष्टि से गठित लोक कला मंच पंडवानी रिंगनी की वार्षिक आम सभा 5 मई को दोपहर 3 बजे से रिंगनी भिलाई 03 स्थित कार्यालय में आयोजित की गई है। इसमें अध्यक्ष राजकुमार पांडेय के निर्देशानुसार 5 दिसंबर 2025 को लोक कला मंच पंडवानी का वार्षिक सम्मेलन सहित मंच की सदस्यता बढ़ाने, आय-व्यय का लेखा-जोखा, सदस्यों को निरंतर सक्रिय कर लोक कला के विकास के लिए प्रयासरत रहने, कार्यालय का संधारण करने, प्रबंधकारिणी सदस्यों का 5 वर्षों 2024-29 तक के लिए चुनाव करने, विलुप्त होती दुर्लभ लोक वाद्यों पहचान और खोज कर उसके निर्माण और वादन का प्रशिक्षण वरिष्ठ कलाकारों की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित करने, पंडवानी गायन का प्रशिक्षण युवा व स्कूली बच्चों को देने, संस्कृति विभाग से निरंतर अनुदान प्राप्त कर लोकप्रिय विधाओं को बढ़ाने का प्रयास करने जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। मंच के सचिव रोहित कुमार निषाद ने सदस्यों सहित लोक कला में रुचि रखने वाले लोक कलाकारों से रिंगनी स्थित कार्यालय में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपना सक्रिय योगदान देने की अपील की है । इसमें अध्यक्ष सहित हेमलाल साहू, उपाध्यक्ष रोहित निषाद, सचिव सहसचिव सुंदरलाल पटेल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश निषाद, संरक्षक व मीडिया प्रभारी रामकुमार वर्मा, प्रचार सचिव ओम प्रकाश शर्मा सहित प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का सहयोग रेखांकित किया गया है।

- विभिन्न विषयों पर की जाएगी चर्चा

खबर संक्षेप

गीतवितान की रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पांच को

भिलाई । गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का आयोजन सांस्कृतिक और कला प्रशिक्षण संस्ता गीत वितान द्वारा 5 मई को महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र और बैंक आफ बड़ोदा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में रवींद संगीत की प्रस्तुति सौ गायक व गीत वितान के विद्यार्थी देंगे। टैगोर नृत्य नाटिका के साथ चित्रकला की प्रस्तुति और वादन भी होगा। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर व संरक्षक सरसीज घोष अध्यक्ष रजनी सिन्हा ने कलाप्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

निधन

वैष्णवी साहू

भिलाई। जामुल लेवर केम्प वार्ड 8 निवासी केशव साहू की छोटी पुत्री वैष्णवी साहू उम्र 14 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में बुधवार को किया गया।

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ता तैयारी में जुटे

साहू और कुर्मी समाज की महिलाएं हुईं एकजुट, गांव-गांव जाकर कर रहीं प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लोकसभा चुनाव का दिन जैसे जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मियां बढ़ने लगी। इस लोकसभा चुनाव में महिलाएं भी खूब बढ़ चढ़कर चुनाव प्रचार में लगी है। इस चुनाव में भाजपा के समर्थन में महिलाओं में अलग ही उत्साह है।

कुर्मी एवं साहू समाज की महिलाएं खुलकर भाजपा के प्रत्याशी को जिताने भाजपा के समर्थन में बढ़ चढ़कर चुनाव प्रचार कर रही है। महिलाओं ने अपनी पूरी टीम तैयार कर ली है जो हर घर में जाकर चुनाव प्रचार में जुटी है। महिलाओं ने पूरे दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की महिलाओं से मिलकर गांव गांव में बैठकर करके सब को एक जुट कर ली है। गांव गांव में एक एक घर घर जाकर महिलाओं को जोड़कर सब चुनाव प्रचार में जुट गई है।

भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विजय बघेल को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दी। एक बार फिर मोदी की सरकार और साथ ही अबकी बार चार सौ पार का नारा लेकर जोर शोर से लगी है। करुणा देशमुख, चंद्रलेखा देशमुख, उत्तरा देशमुख, रीना देशमुख, ललिता देशमुख सहित सैकड़ो महिलाओं ने कहा कि जिसने हम सभी महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाया है। जिसने महिलाओं को सशक्त बनाया, जिसने महिलाओं को आत्मनिर्भर, महिलाओं, बेटियों की सुरक्षा के लिए कड़े क़ानून बनाए है। हम उसे जिताएँगे। एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाएंगे। आगे महिलाओं ने कहा कि सांसद विजय बघेल जी ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना को लागू किया। महिलाओं को 1 हजार रुपए हर माह जो दिया जा रहा है, इस योजना को बनाने वाले सांसद विजय बघेल है। उन्ही के प्रयास से प्रदेश की लाखों महिलाओं को 1 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जा रहा है। इसलिए महिलाओं में भाजपा के प्रति सम्मान है और इस बार पूरे प्रदेश की महिलाएं एकजुट होकर स्वयं से भाजपा प्रत्याशी को जिताने के प्रयास में जुट गई है। ताकि महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा आगे भी हो। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में अंडा , चिंगरी, निकुम के दिल्लीवार कुर्मी समाज की महिलाओं ने भी शपथ ले लिए है कि वे भाजपा को चुनाव जीताकर रहेंगे।

लोगों को दे रहीं पीएम योजनाओं की जानकारी

कांग्रेस कार्यकर्ता लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र के पक्ष में कर रहे हैं प्रचार

सेलूद। पाटन विधानसभा में लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू के लिए पाटन के कांग्रेस कार्यकर्ता गाँव गाँव जाकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। मंगलवार को कला जत्था कार्यक्रम के माध्यम से पाटन विधानसभा के गाँव ठाकुराइनटोला, सिपकोन्हा, भनसुली(के), सोनपुर, मटिया, गुजरा, पंदर, छाटा, अचानकपुर, ढौर, महका कला, महका खुर्द, मुडपार, चुनकट्टा, पतोरा गाँव में लोगों का हुजुम उमड़ रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र चैतन्य बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश ठाकुर, जयश्री वर्मा, पुरुषोत्तम तिवारी, जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे, युगल किशोर आडिल, संतोषी तिवारी ने संयुक्त रूप से कहा कि महंगाई आज चरम पर है जनता मंहगाई से त्रस्त है। भाजपा सरकार आने के बाद 400 का गैस सिलेंडर 1000 से पार हो चुका है। दस साल में विकास बताने के लिए कुछ भी नहीं है सिवाय कांग्रेस सरकार को कोसने के। इस अवसर पर ईश्वर बंजारे, बंसी लाल, कृष्णकुमार, ओम प्रकाश वर्मा, सरिता, सालिक वर्मा, हेमलाल वर्मा, मनीष पटेल, योगेश वर्मा, अर्जुन परमार, श्यामलाल साहू, चंपा लाल यादव, सुरेन्द्र गायकवाड, लोचन यादव, अजय राजपुत, नरेश श्रीवास, अशोक साहू, अश्वनी साहू, देवकुमार निषाद, अजय सिंगौर, दिनेश साहू, संतराम कुर्रे, किरण चन्द्राकर आदि उपस्थित थे ।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने बोरे बासी खाकर किया श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सभी श्रमिक भाई-बहनों को बधाई दी है। श्री साहू ने श्रमिकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। एक श्रमिक देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है और उसका देश के विकास में अहम योगदान होता है। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री साहू ने अपने निवास में अपने परिवार जनों के साथ बोरे बासी का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि बोरे-बासी हमारी छत्तीसगढ़िया संस्कृति का अहम हिस्सा है। इसलिए मेरी आप सभी लोगों से अपील है कि बोरे बारी तिहार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लीजिए। अपने परिवार जनों को प्रोत्साहित करिए कि वो बारे बासी का सेवन करें और अपने सेहत के साथ ही छत्तीसगढ़ की अमूल्य परंपरा को भी मजबूत बनाकर रखें।

कर्मवीर मजदूरों के सम्मान में खाया बोरे बासी

सेलूद। 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर पाटन जनपद सदस्य खिलेश बबलू मारकंडे ने अपने घर में बोरे बासी खाने के बाद मजदूरों के सम्बन्ध में कहा कि कर्मवीर मजुदरो को मैं दिल से सलाम करता हूँ । जिन्होंने पूरे देश में नव निर्माण नव सृजन का कार्य करते आ रहे है । मैंने बोरे बासी को बटकी में मही के साथ अमारी भांजी टमाटर चटनी अचार प्याज मिर्च के साथ बड़े ही चाव के साथ खाया। छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार अपने पांच साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ के सभी लोक परम्परा लोक खेलकूद पर्व को बढ़ावा देने के साथ सभी मजदूरों को सम्मान देने का काम करते रहे । देश के सभी निर्माण कार्य में मजदुरो का योगदान रहता है। भूपेश सरकार के कार्यकाल में संस्कृति व पुराने खाने पीने और रहन सहन को बढ़ावा देने का काम हमेशा करते रहे है । बीते पांच सालों में छत्तीसगढ के लोगों का सम्मान बढा है ।

बिजनेस साइट

ऐसडीआई 65 चेतक ने ट्रैक्टर जगत में लाई नई रौनक

भिलाई। यु तो हमने इतिहास में बहुत घोड़ो का नाम सुना है लेकिन जो बात महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक में थी वो किसी और में कहां। उसी तर्ज पर कृषि जगत में विकास की गंगा बहाकर कृषको को आर्थिक सुदृढता प्रदान करने हेतु एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्यूपमेंट कंपनी फरीदाबाद द्वारा नये मॉडल की ट्रैक्टर का निर्माण कर कृषि जगत में नई क्रांति ला दी गई। ऐसडीआई 65 चेतक ट्रैक्टर जो की एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्यूपमेंट कंपनी के रिसर्च एवं अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों के देख रेख में निर्मित कम डीजल खपत 265 ग्राम डीजल में 1 घंटे में अधिक कार्य का निष्पादन कर कृषको को समृद्ध बनाने के लिए तत्पर है। चार सिलेंडर हैवी ड्यूटी इंजन, ड्राई टाइप ऐयर क्लीनर, आकर्षक मीटर कंसोल, हैवी ड्यूटी ट्रांसमिशन, 65 लीटर फ्यूल टैंक, नैचुरल सेफ्टी स्वीच, ड्वेल क्लच, कांस्टेंट मेस गियर बॉक्स, तेल में डूबे हुये डिस्क ब्रेक, 16.9 x 28 रियर टायर, 7.5x16 फ्रंट टायर, 2000 किलो लिफ्टींग क्षमता, ऐडजेस्टबल फ्रंट एक्सल पॉवर स्टेयरिंग, एयरोडायनेमिक सिंगल पीस बोनेट, सुंदर हैलोजन बल्ब युक्त हेड लाईट, 5.5 किलो फ्रंट वेट, इन साईड सुरक्षित बैटरी कक्ष, 4088 सीसी इंजन, एडवांस हाइड्रोलिक सिस्टम, चालक दुरदर्शिता बढ़ाने हेतु एयरोडायनेमिक सुंदर आकर, 750 आईडियल आर.पी.एम. ,मल्टी स्पीड सी. आर. पी. टी. ओ. पावर, रोड सेफ्टी रिफ्लेक्टर ऐसे अत्याधुनिक तकनीकी द्वारा निर्मित यंत्र की खरीददारी के लिए भुलाटोला छुईखदान के कृषक ने अपने लघुभ्राता उमेश वासनिक के 21 वे जन्म दिवस के अवसर पर घर ले जाने का निर्णय लेकर अपनी खुशी परिवार एवं इष्ट मित्रो के साथ मिलकर साझा करने हेतु बुधवार 1 मई को कमला मोटर्स पहुंचकर प्रथम पूज्य लम्बोदर महाराज की विधिवत पूजा आराधना कर घर की ओर प्रस्थान किये। यंत्र की चाबी प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि फारुख जमाल शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक गंज पारा इकाई, जमीर खान स्टेट हेड लेबू इलेक्ट्रिक व्हीकल, कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, मैकेनिक किशोर निषाद, पुजारी त्रिलोक चंद, सेल्स मेन अजय चौधरी, लेखा अधिकारी सुमन देवांगन, अरुणा सोनी,सुलेखा निराला, पिंकी पटेल, जयदीप इत्यादि। वहीं ट्रैक्टर ग्रहण करते हुए तिजु राम वासनिक, अश्वनी वासनिक, उमेश वासनिक, मेघराज चौरे, ललित देवांगन, तुलस्थ वासनिक, डुले वर्मा इत्यादि साथीगण । यूं तो एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्यूपमेंट कंपनी अनेक प्रकार के कृषि यंत्र-उपयंत्र एवं कामर्शियल इक्यूपमेंट बनाने वाली प्रसिद्ध उध्योगिकी है, इनके द्वारा निर्मित हाइड्रा मशीन की खरीददारी हेतु कंपनीयां एवं व्यापारी वर्ग हमेशा लयबद्ध रहते है, हाइड्रा के व्यवसाय में लगभग 70% मार्केट शेयर एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्यूपमेंट कंपनी का है, कंपनी के रिसर्च एवं अनुसंधान केंद्र में निर्मित ट्रैक्टर ऐस. डी.आई. 60 चेतक को कृषि जगत में लॉंच कर कृषको के चेहरे पर मीठी मुस्कान ला दी गई।

ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा है ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद

भिलाई। दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट , 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के जेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही जेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

ग्राम पंचायत ओड़ासकरी में दो वर्षों में नहीं हुआ टंकी निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही ब्लॉक विधान क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओडासकरी के लोग एक -- एक बूंद पानी के लिए तरस रहे, पी. एच .ई. विभाग के लापरवाही के वजह से आज भी टंकी निर्माण अधूरा पढा है, जबकि गांव में पानी की भारी समस्या है जनप्रतिनिधियों ने कई बार अवगत कराया, जनपद सदस्य अनिल सोनी के द्वारा कई बार विभाग में पानी के विषय में बात रखा आश्वासन देकर टाल , मटोल कर देते हैं, यहां तक जिला पंचायत सदस्य नीतीश मोंटी यादव एवं संध्या भारद्वाज जी को लेकर जनपद पंचायत गुंदरदेही में गया था , एवं विभाग के अधिकारियों से बात किया ई. ई .सर बालोद से भी बात किया, अप्रैल माह में पानी चालु हो जायेगा बोले थे,उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ, देश के प्रधानमंत्री चाहते हर घर जल हर घर नल हो विभाग की लापरवाही के वजह से अब तक ग्रामीणों को पानी नही मिल रहा है।

ग्रामीणों जन बहुत आक्रोस मे है ,, 1हफ्ता के अंदर यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्राम समिति एवम पंचायत प्रतिनिधी मिलकर, चक्काजाम करने का योजना बना रहे है। जिसका संपूर्ण जवाबदारी पी. एच .ई .विभाग का रहेगा।

पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण

" ग्राम पंचायत ओडासकरी में एक एक बूंद पीने का पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण जन कई बार आवेदन पत्र दे देकर थक गये जनप्रतिनिधि लोग कोई अधिकारी इस गांव के लिए ध्यान नही दे रहे हैं। इस समस्या को लेकर समस्त ग्रामीणों ने बहुत जल्दी चक्काजाम करे का अपील कर रहे हैं।

अनिल कुमार सोनी, जनपद सदस्य

हाईस्कूल मोहलाईं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए

शासकीय हाई स्कूल एवम् पूर्व माध्यमिक शाला मोहलाई में परीक्षा परिणाम घोषित कर समस्त विद्यार्थियों को अंकसूची वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य लखन लाल साहू ने सरस्वती माता का पूजन अर्चन कर सभी कक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किए। ज्ञात हो कि कक्षा छठवीं में पायल निषाद ने प्रथम और संदीप कुमार देवांगन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है कक्षा सातवीं में शिवम् निषाद ने प्रथम और सावित्री कुंभकार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है कक्षा आठवीं में जानवी साहू ने प्रथम स्थान और मोनिषा निषाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है इसी तरह कक्षा नौवीं में रीना निषाद ने प्रथम और अरविंद कुमार साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । इस अवसर पर प्राचार्य लखन लाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सफलता का केवल एक ही सूत्र है सतत परिश्रम इसलिए बच्चे रोज काम रोज करें। छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि आगामी साल के लिए अभी से लक्ष्य निर्धारित कर लें।पालकों से आग्रह है कि घर के वातावरण को पढ़ाई के अनुकूल बनाकर रखें। प्रतिभा शाली छात्रों को पुरस्कृत होने पर अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली। विद्यालय का वातावरण खुशनुमा रहा। इस अवसर पर प्रधान पाठक रविकांत यादव,व्याख्याता निलेश श्रीवास्तव, शिक्षक गण गीतांजलि तिवारी, हेमंत कुमार देवांगन, अंजली साहू, तिलक सेन, मुकेश कुमार तिरपुडे, गौरी दुबे सहित अनेकों पालक उपस्थित थे।

सतनामी समाज ने राज्यपाल और निर्वाचन आयोग के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद/पाटन

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अपने चुनावी सभा में संबोधन में असंवैधानिक शब्द का प्रयोग किया है इससे सतनामी समाज में काफी आक्रोश

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने असंवैधानिक शब्द का किया प्रयोग

है। जिस पर कार्रवाई के लिए तहसील सतनामी समाज पाटन ने राज्यपाल और निर्वाचन आयोग के नाम नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंग को आज ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया गया है की एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नही हुई तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में पाटन तहसील सतनामी समाज के अध्यक्ष संतराम कुर्रे, पूर्व अध्यक्ष शीत करण महिलवार, रमेश कुर्रे, दुर्गेश पाटिल, राजाराम गहीरवार, पप्पू जोशी, चेतन जोशी, आनंद , मनोज जोशी, दानेश मारकंडे, जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे, पवन डहरे, हिंछा राम, शिव प्रसाद देशलहरे, भक्तुराम गायकवाड़, मुरली जोशी, मंशा राम कुर्रे, उत्तम सोनवानी, बालाराम कोसरे, डॉक्टर एफ आर जोशी, दिलीप टंडन, पुरेंद्र जांगड़े सहित अन्य मौजूद थे।

अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया

उतई। ग्राम पंचायत करगाडीह में मनरेगा श्रमिकों के बीच अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया 1 मनरेगा श्रमिकों को ग्राम पंचायत द्वारा शरबत पिलाया गया तथा सभी शर्मिको को स्टील प्लेट देकर उनके श्रम का सम्मान किया गया 1इस अवसर पर जनपद कृषि सभापति राकेश हिरवानी, बोरीगरका सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेश साहू, सरपंच घनश्याम गजपाल, उपसरपंच संतोष सोनवानी,पंचगण कामेश्वर साहू, संगीता बंधे, गीता पाटिल, शीतल यादव, सरोजनी साहू, सरस्वती साहू,मेट मनोज बघेल, टीकम यादव, गोपेन्द्र साहू, चंद्र प्रभा साहू, सुनीता साहू, कैलाश साहू,भेखचंद साहू, सुरेश चक्रधारी,सचिव राजेवरी यादव, रोजगार सहायिका लक्ष्मी देशमुख व सभी मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे ।

आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि SHRI K L SHRIVASTAVA भिलाई इस्पात संयंत्र के भू-खण्ड में निर्मित Qr. No. 001A/023/05(2SA) भिलाई के आबंटन आदेश क्रमांक BSP/AGM(Lease)/SELHS-2002/PH-5/2035, Dated 20.05.2003 के अनुसार लीजधारक है।

लीजधारक SHRI K L SHRIVASTAVA के देहान्त उपरान्त उनकी पत्नि SMT. NEENA SHRIVASTAVA ने लीज में आबंटित आवास Qr. No. 001A/023/05 (2SA), भिलाई का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु कार्यालय में आवेदन किया हैं।

उक्त लीज आवास Qr. No. 001A/023/05 (2SA), भिलाई के ढ़ांचा संबंधी हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, व्यक्तियों, शासकीय / अर्ध शासकीय कार्यालय, बैंकों, या वित्तीय संस्थाओं आदि को इस बाबत कोई आपत्ति, दावा, बंधक पत्र, देनदारी उजर हो, तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति / दावा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। सनद रहे कि उपरोक्त म्याद / अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की अगली कार्यवाही जारी रहेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

प्रबंधक (आवस लीज)
नगर सेवा विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र

छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में खिलेगा कमल

उतई। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शनिवार को पुरैना , जोरातराई ,डुंडेरा में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने पुरैना हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना कर पुरैना की जनता ,देव तुल्य नारी शक्ति ने जगह-जगह फूल माला आरती सजाकर भव्य स्वागत सम्मान किया। सधन जनसम्पर्क कर सामाजिक कार्यकर्ता व आम नागरिकों से मुलाक़ात कर मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन की जानकरी प्रदान कर रहे हैं।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, मिला लाभ

भिलाई। 'मिशन लक्ष्मी' के अंतर्गत भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में, महिलाओं से सम्बन्धित पूर्ण शैक्षिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और निःशुल्क परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया । आयोजन सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के तत्वाधान में किया गया। 58 ठेका महिला श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिला श्रमिकों के एनीमिया व कैसर से संबंधित शंकाओं का समाधान कर, उन्हें आहार विशेषज्ञों द्वारा संतुलित आहार के बारे में जागरुक किया गया । इस अवसर पर पर डां. शायला जेकब, डां. निशा ठाकुर, डां. शुभस्मिता, डां. प्रिया साहू, डां. दीपक, डां. निशि मिंज, डां सरस्वती, लता मिश्रा, प्रभा, टेक्नीशियन असरफ सहित भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय की टीम उपस्थित थी।मिशन लक्ष्मी' का शुभारम्भ, मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा प्रतीक चिन्ह का अनावरण कर किया गया था।

पिछली कांग्रेस सरकार ने जनता को सिर्फ छलने का काम किया: विष्णुदेव

भिलाई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के अहिवारा नगर में लोकसभा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार ने जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। लोगों से किया हुआ वादा नहीं निभाया। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र तैयार किया है, वह भी केवल छल है। अहिवारा के दईहान मैदान में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। यह चुनाव हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। आने वाले वर्षों में मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए नरेंद्र मोदी को पुनः उस स्थान पर बिठाना है। इससे पहले मुख्यमंत्री साय का दशहरा मैदान पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, लाभचंद बाफना, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, सांवलाराम डाहरे सहित अन्य मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम, यूनियनों ने याद किया मजदूरों का योगदान

औद्योगिक नगरी में मजदूरों के हक की आवाज बुलंद करने लिया संकल्प, एकजुटता का आह्वान

औद्योगिक नगरी भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर बुधवार को विभिन्न श्रमिक संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। भिलाई इस्पात संयंत्र सहित औद्योगिक क्षेत्र में भी यूनियनों द्वार मई दिवस का आयोजन कर अपने हक के लिए संघर्ष और कुर्बानी देने वाले मजदूरों के योगदान को याद किया और भिलाई सहित देश में कर्मचारियों व मजदूरों की समस्याओं के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया । यूनियन नेताओं ने मजदूरों को अधिकारों को लिए जागरुकता का संदेश दिया। रैलियां निकलीं और सभाएं हुईं। मजदूरों को सम्मानित भी किया गया। संयुक्त यूनियनों द्वारा केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मजदूर दिवस के अवसर पर संयुक्त यूनियनों द्वारा मजदूरों के हक के लिए संघर्ष के संकल्प के साथ दूसरा पर्चा जारी कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजेंद्र साहू को जिताने की अपील की गई। अपने कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद यूनियनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सीटू कार्यालय पहुंच कर लोकसभा चुनाव के लिए कर्मचारियों से आहवान करते हुए अपना दूसरा पर्चा जारी किया।

सभी यूनियनों के पदाधिकारी सीटू कार्यालय में एक साथ बोरे बासी खाया और अपने कार्यस्थल पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के लिए निकल पड़े। यूनियन नेताओं ने कहा कि श्रमिक संगठनों ने पहले पर्चे में कर्मचारियों को विस्तार से वेतन, ग्रेच्युटी, पेंशन आदि में किस तरह से केंद्र सरकार द्वारा सीधे हस्तक्षेप कर कर्मियों को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाया गया तथा किस तरह श्रम सहिंताकरण की आड़ में कर्मचारियों पर गुलामी थोपने की कोशिश की गई है, के बारे में बताया गया था। दूसरे पर्चे में सरकार ने किस तरह से देश को कर्जदार बनाया, रसोई गैस, खाद्यान्न, खाद्य तेल, पेट्रोल डीजल आदि का दाम बढ़ाए, महिला उत्पीड़न पर सरकार द्वारा दोषियों को बचाने की कोशिश, मणिपुर और इलेक्टोरल बांड की घटना पर सरकार की उदासीनता से किस तरह देश शर्मसार हुआ।

मई दिवस पर संयुक्त यूनियनों ने किया इंडिया के लिए इंडिया गठबंधन का आह्वान

कर्मचारियों से जागरुकता का आह्वान

यूनियन नेताओं ने कहा कि उनकी गारंटी पर कैसे भरोसा करें जिनके शासन काल में देश के सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों बीमा कंपनियों आदि का निजीकरण किया जा रहा है। बीएसपी में पिछले दस साल में 15 हजार से अधिक कर्मचारियों की संख्या कम कर सेवानिवृत्तों के स्थान पर अल्प वेतन पर कम ठेका मजदूरों को रखा गया है। महंगाई और बेरोजगारी से जनता परेशान है। देश पर 55 लाख करोड़ रुपए का कर्ज बढकर 205 लाख करोड़ रुपए हो गया है । गरीबी रेखा के नीचे की संख्या 40 करोड़ से बढ़कर 80 करोड़ हो गई है । स्टील की कीमत 3600 रुपये क्विंटल से अब 6500 रुपए हो गई । 350 रुपए का रसोई गैस सिलेंडर 975 रुपए तक पहुंच गया । बेरोजगारी 2% से 6.5% हो गई,250 रुपए मे बनने वाला ड्राइविंग लाईसेंस अब 5500 रुपए में बनता है और सरसों का तेल 70 रूपए से बढ़कर 200 व अरहर दाल पौनो दौ सौ ही गई और 70 रूपए लीटर का पेट्रोल अब 100 रूपए में मिलता है । शिक्षा को महंगा कर छात्र-छात्राओं की शिक्षा छीन ली गई और 4.5 लाख युवाओं की नौकरी छिन गई । यौन उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलित ओलंपिक पदक विजेता महिला पहलवानों को सड़कों पर घसीटा और उनसे बदसलूकी की गई । गुजरात में बलात्कारियों का सम्मान किया गया । मणिपुर की घटना ने देश को शर्मसार किया । प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा करने के बाद लोगों की लाखों नौकरियां छींनी गई ।

एचएमएस कार्यालय में मना मई दिवस

भिलाई । अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एचएमएस से संबद्ध भिलाई श्रमिक सभा कार्यालय सेक्टर 2 सड़क 15/बी में मई दिवस समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता एचएमएस के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि सभी जागरूक और भयमुक्त होकर अपने हक व अधिकार मांगने सामने आएं। मांगने पर भी अधिकार न मिले तो छीन कर लेने से भी मजदूरों को पीछे नहीं रहना चाहिए। कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चंदेल ने कहा साथियों आने वाले 7 मई को अपने मतदान के अधिकार का अवश्य प्रयोग करें । महासचिव देवेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अशोक पंडा सहित लखविंदर सिंह, दशरथ लाल पटेल, ए चिन्न्या, अशोक पंडा, इकबाल सिंह, त्रिलोक मिश्रा, पीसी मंडल, शरत चंद्र रथ, मुकुंद पांडेय आदि उपस्थित थे।

छमुमो और प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ की रैली

भिलाई। प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति ने मजदूर दिवस पर मजदूरों ने औद्योगिक क्षेत्र में जुलूस निकाल कर मजदूरों को संगठित होने का आह्वान किया। सभी मोटर साइकिल पर हाथ में नारों की तख्ती लिए हुए थे। जामुल घासीदास नगर से नियोगी चौक से छावनी चौक से बीईसी चौक होते हुए ज ए सी सी आदानी फेक्ट्री के सामने नारेबाजी किए। बूढा पंडाल मे सभा हुई। वक्ताओ ने कहा की मजदूरों के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा 4 श्रम कोड बिल लाया जा रहा है वह 100 प्रतिशत मजदूर विरोधी है उस रद्द किया जाए। मजदूरों को मुफ्त का राशन नही बल्कि 30 हजार न्युन्तम मिलना चाहिए ताकि वह जिंदगी अच्छे से जी सके गुलामी से मुक्त हो सके, आज भी औध्योगिक क्षेत्र के मजदूरों को न्युन्तम मजदूरी नही मिलता पी एफ ई एस आई सपने की बात है । सभा में सुरेंद्र मोहंती, संदीप पटेल, एसएस गिल, वी प्रसाद राव, रमाकांत बंजारे महेश साहू आर एन यादव संतोष यादव, मोहमद अली, भुवन, बडकु सनत पुरषोत्तम जय प्रकाश नायर मनोज कोसरे ने संबोधित किया। गेल पाइप लाइन के विरोध मे संघर्षरत किसान भी शामिल हुए। नगरीय निकाय जन वादी सफाई कामगार यूनियन ने कुम्हारी में प्रदर्शन और भिलाई पांच रास्ता यूनियन कार्यालय मे संगोष्ठी हुई। नियोगी चौक में प्रदर्शन कर मजदूर नेता नियोगी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभा का संचालन कलादास डेहरिया ने किया।

मई दिवस पर प्लेट मिल के श्रमिक सुरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

भिलाई। सभिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सुरक्षा पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन प्लेट मिल के सभागार में मुख्य महाप्रबंधक आरके बिसारे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्लेट मिल के 10 श्रमिकों को सुरक्षा सर्वोत्तम, सुरक्षा अनमोल तथा सुरक्षा दक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले श्रमिकों में शामिल सुरक्षा सर्वोत्तम से विभीषण निषाद, सुरक्षा अनमोल से श्री जवाहर लाल बरनवाल, उमाशंकर कोसरे, एवं सुरक्षा दक्ष से अमिल कुमार, बी हरिचरण, श्री दीपक कुमार, श्री आत्माराम बंजारे, नीलमणी साहू, पुनेश कुमार बारले व मेम बाई शामिल हैं। श्री बिसारे ने कहा कि सुरक्षा को प्रथम प्राथमिकता देते हुए हमें अपनी तथा अपने साथियों की सुरक्षा और मशीनों के उचित रखरखाव के साथ–साथ कार्यस्थल में बेहतर हाउस कीपिंग एवं इलुमिनेशन का भी ध्यान रखना है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि महाप्रबंधक भास्कर रॉय, जे सुधाकर, डी सारंगी, सुनील मित्र, संजय त्रिपाठी तथा उप महाप्रबंधक संजय कुमार व राजेश गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक डी सारंगी व सहायक प्रबंधक विजय कुमार ने किया।

इंटक कार्यालय में श्रमिक दिवस पर मजदूर सम्मानित

भिलाई। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के सेक्टर 3 स्थित कार्यालय मे श्रमिक दिवस मनाया गया । इस अवसर पर यूनियन द्वारा ठेका श्रमिकों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर अधिकारों के प्रति कर्मियों को जागरुक करने के संकल्प के साथ ठेका मजदूरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीएसपी कर्मचारियों के साथ ठेका मजदूर भी उपस्थित थे। यूनियन के महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि आज जो हमें श्रम अधिकार प्राप्त हुए हैं वे हमारे हजारों श्रमिक साथियों के संघर्ष एवं कुर्बानी का परिणाम है । हमें मिले अधिकारों से जीवन स्तर में सुधार हुआ । लेकिन आज पूंजीपतियों श्रमिकों के बीच एक बड़ी खाई पैदा होती जा रही है हमें संगठित होकर अपने अधिकारों और वेज रिवीजन के लिए लड़ना पड़ेगा। स्टील ठेका यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि ठेका श्रमिकों को उनका हक दिलाने के लिए हम लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं इसमें हमें सफलता भी मिल रही है इसी तरह से श्रमिक यदि इंटक पर विश्वास बनाए रखें तो आगे हम अपने सभी अधिकार प्राप्त कर सकते हैं. इस अवसर पर अपने विभाग में सराहनीय कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों को सम्मानित किया गया । कैलाश कुमार निषाद, राहुल शर्मा सुरेश बाग, ईश्वर सिंह, विवेकानंद राय, संजय कुमार दास, सुभाष सिंह, रामस्वरूप साहू, आकाश, टी विकास, भूपेंद्र पैकरा, मधुसूदन देवांगन, अशोक कुमार साहू,दीपा साहू, ललिता, गणेश निर्मलकर, भूपेंद्र जैन सम्मानित हुए। सुरेश बगाने श्रमिकों के संघर्ष पर कविता पढ़ी। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार ने किया । कार्यक्रम में अतिरिक्त महासचिव शेखरकुमार शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष किचलू पीवी राव एस रवि उपाध्यक्ष अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

मंडलों में जनसंपर्क कर रहे विधायक

भिलाई। भाजपा के प्रत्याशी सांसद विजय बघेल के प्रचार में धुआंधार जनसंपर्क कर रहे विधायक ललित चन्द्राकर। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के सांसद व प्रत्याशी विजय बघेल को भारी मतों से विजय बनाने की अपील किया। कहा मोदी की गारंटी पर है सभी को भरोसा। जनसंपर्क के दौरान कार्यक्रम में विधायक ललित चन्द्राकर के साथ मुख्य रूप से जिला मंत्री रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू उपस्थित रहे। ग्राम पिसेगांव, अछोटी, विनायकपुर, आमटी, निकुम, तिरगा, झोला, खांडा, बिरिझर, चंगोरी, थनोद इन गांवों में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क इस अवसर पर विधायक चन्द्राकर ने कहा कि इसमें दो मत नहीं की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरगामी सोच वाले कई ऐसे निर्णय है।

मैत्रीबाग में अब पर्यटक उठाएंगे नौका विहार का लुत्फ, झील में तैरेंगे पायडल और चप्पू बोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग में पर्यटकों को अब बोटिंग के लिए निराश नहीं होना पड़ा। बीएसपी प्रबंधन द्वारा बुधवार को मनोरंजन के लिए नौका विहार की सुविधा को पुनः प्रारंभ किया गया। नौका विहार का उद्घाटन नगर सेवाएं विभाग के महाप्रबंधक विष्णु के पाठक ने किया। मैत्री बाग के आकर्षण का केन्द्र रहे नौका विहार में पैडल बोट एवं चप्पू बोट शामिल हैं। विषेषकर बच्चों के नौका विहार हेतु छोटे बोट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। मैत्रीबाग पिछले दो साल से नौका विहार की सुविधा बंद थी। लंबे इंतजार के बाद नौकायन

शुरु हो जाने से सैलानियों इसका आनंद ले सकेंगे। चिड़ियाघर के मुख्य द्वार के निकट स्थित झील में गर्मी के मौसम में नौका विहार पर्यटकों को राहत देने के साथ–साथ सुंदर पुष्प तथा पक्षियों सहित आकर्षक प्रकृति का लुत्फ उठाने का अवसर प्रदान करता है। पर्यटकों की सुरक्षा हेतु भी नौका विहार में उचित व्यवस्था की गई है। नौका विहार की सुविधा पुनः उद्घाटन करने के अवसर पर उप महाप्रबंधक (उद डां. एन के जैन, सहायक महाप्रबंधक आरके गर्ग, सहायक महाप्रबंधक पीपी रॉय, सहायक महाप्रबंधक एसके झा, राजेश शर्मा, एस के अग्रवाल, ललित कुमार, नरसय्या, खीरु प्रसाद, चन्द्रकिरण ठाकुर उपस्थित थे।

वैशाली नगर विस क्षेत्र में निकाली जनसम्पर्क आशीर्वाद यात्रा

लोकसभा प्रत्याशी विजय की रैली में उमड़ा भारी जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग लोकसभा से भाजपा के सबसे लोकप्रिय प्रत्याशी सांसद विजय बघेल ने आज वैशाली नगर विधानसभा के तीन मंडलों में जनसंपर्क आशीर्वाद यात्रा निकाले। कैम्प मंडल वैशाली नगर मंडल सुपेला मंडल में यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत सुबह 10 बजे बैकुंठ धाम मंदिर में पूजा अर्चना कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लेकर की गई। विशाल रैली निकाली गई। हजारों की संख्या में युवा और महिलाएं भी सांसद विजय बघेल की रैली में शामिल हुए। सैकड़ो युवा व युवतियों ने बाइक व स्कूटी लेकर रैली शामिल हुए वही पिछेल कार से सड़कों लोग भी शामिल हुए। बीच मे सांसद विजय बघेल खुली जिप्सी में

तेज धूम और चिलचिलाती धूप में खड़े होकर लोगों से हाथ जोड़कर आशीर्वाद मांगते नजर आए। जनसंपर्क रैली देख कर ऐसा लग रहा था जसे मानो यह विजय जुलूश हो। हर वार्ड में जगह जगह पर लोगों ने सांसद विजय बघेल का स्वागत किया। पटाखे फोड़ कर, बजे गाजे, फूल माला से स्वागत किया गया। सिर्फ यही नहीं लोगों ने अपने घरों से निकलकर सांसद को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किये और वैशाली नगर की जनता ने विश्वास जताया कि वे उनके साथ है, हमेशा भाजपा को अपना समर्थन देंगे और एक बार फिर से विजय बघेल को ही दुर्ग का सांसद बनाकर दिल्ली भेजेंगे ताकि राष्ट्र निर्माण के लिए एक बार फिर से माननीय नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री मंत्री बने। जगह जगह पर भाजपा समर्थकों ने लोगों को जूस, ठंडा शर्बत पिलाया। सुबह से दोपहर तक केम्प क्षेत्र का दौरा करने के बाद दोपहर में हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा में भोजन किया गया। फिर उसके बाद 4 बजे से जनसंपर्क आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया गया। जो लकड़ी टाल होते हुए मिलन चौक किसान चौक केम्प 1 पानी टंकी होते हुए फ़ौजी नगर हाउसिंग बोर्ड कुरुद बस्ती कोहका गोल मार्केट वैशाली नगर सुपेला मार्केट रामनगर मुक्ति धाम सहित पूरे वैशाली नगर विस क्षेत्र का दौरा किए।

इस दौरान विधायक रिकेश सेन, सुपेला तीनों मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता वैशाली नगर मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला सुपेला मंडल अध्यक्ष रुप राम साहू,जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा सहित हजारों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भगवान के रूप में आये बच्चों को विजय ने किया प्रणाम

रैली के दौरान रूंगटा रोड के पास रैली का सांसद विजय बघेल का भव्य स्वागत हुआ। यहाँ सबसे आकर्षक का केंद्र रहे बच्चे। छोटे छोटे बच्चे जो भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमानजी की वेशभूषा में आए। जिन्हें देख कर सांसद मंत्र मुग्ध हो गए। वे जिप्सी से नीचे उतरे और अभी बच्चो को फूलों की माला पहनाकर उन्हें प्रणाम किया। उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान वे बच्चो को भगवान के रूप में देखकर भावविभोर हो गए उन्होंने कहाँ मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मानो मुझे आशीर्वाद देने साक्षात प्रभु श्री राम माता सीता, भाई लक्ष्मण और हनुमानजी के साथ अवतरित हुए है। इन बच्चों के रूप में आज भगवान स्वयं आये है। यह मेरा सौभाग्य है।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 2 मई 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

04

जर्मनी लाल परियां

लाइव इवेंट

श्रमण संघीय संस्कार शिविर प्रारंभ, निकाली प्रभात रैली

दुर्ग। श्रमण संघीय आवासीय जैन संस्कार शिविर आज जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तलाब दुर्ग में प्रारंभ हुआ। गंजपारा दुर्ग से जय आनंद मधुकर रतन भवन तक शिविर में हिस्सा लेने वाले शिवरार्थीयों की प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें साध्वी श्री विजय श्री जी साध्वी प्रियदर्शना श्री जी अपने साध्वी समुदाय के साथ श्रमण संघीय आवासीय जैन संस्कार शिविर में लगभग 180 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिन्हें छोटे-बड़े अलग-अलग भागों में विभक्त कर अलग अलग ग्रुप बनाया गया जिसमें जय आदिनाथ, जय महावीर, जय गौतम स्वामी जय चंदन बाला, जय ब्राम्ही, जय आनंद, ग्रुप में सात अलग-अलग कक्षाएं संचालित होगी। साध्वी श्री विजय श्री जी साध्वी श्री प्रियदर्शना श्री जी के पावन सानिध्य में आयोजित इस शिविर में बच्चे जीवन नवनिर्माण के साथ-साथ धार्मिक अध्यन सूत्र सीखेंगे। साथी ही आत्म ध्यान ,संस्कार, संगीत स्पर्धा, भाषण कला, मर्यादा अनुशासन, धार्मिक खेल, शुद्ध सामायिक सम्यक तप आहर। शुद्धि के अनेक गुण साध्वी समुदाय की निश्रा में सिखेंगे और उसे अपने जीवन में अपनाने हेतु साध्वी समुदाय एवं आनंद मधुकर रतन पाठशाला के शिक्षिका इस दिशा में प्रेरित करेंगे।

- 180 बालक बालिकाओं ने शिविर में लिया हिस्सा
- जीवन जीने की कला सिखेगे बच्चे

शिक्षिका कराएंगी धार्मिक अध्यनः संस्कार शिविर में साध्वी विचक्षणा श्री जी साध्वी तरुलता श्री जी साध्वी सुकृति श्रीजी साध्वी सु प्रज्ञप्ति श्री जी धार्मिक अनुशासन के साथ-साथ जीवन को आनंद के आनंद के साथ जीने के गुण सिखाएंगी। इस शिविर में व्यक्तित्व विकास के लिए अतिथि वक्ता भी जीवन जीने के कई हुनर सिखाएंगे।

नौ दिवसीय संस्कार शिविरः आगामी दिनों 9 दिवसीय संस्कार शिविर में जय आनंद मधुकर रतन पाठशाला की शिक्षिका चंदा रुणवाल प्रेरणा श्रीश्रीमाल अरुणा रतन बोहरा भारती श्रीश्रीमाल हर्षदा कर्नावट स्वीटी पारख मीनल कोचर भारती श्रीश्रीमाल इंदिरा बोहरा भूमिका संचेती किरण संचेती चंचल श्रीश्रीमाल रिंकी बेगानी युक्ता बोहरा मीना बाफना धार्मिक शिक्षा अध्यन सिखाएंगी।

सिटी इवेंट

मां शीतला मार्केट सब्जी विक्रेताओं ने कहा - रखेंगे नेवता का मान

दुर्ग। तीसरे चरण के 7 मई के मतदान के लिए अब 5 दिन शेष हैं। दुर्ग जिला कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला नोडल अधिकारी एवम स्वीप कमेटी मार्गदर्शन में जागरूकता भी अब तेज गति से जारी है।

इस कड़ी में पर्यावरण सामाजिक कार्यकर्ता एवम स्वीप वॉलंटियर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने शीतला सब्जी मार्केट में संपर्क कर सब्जी विक्रेताओं को हल्दी पीला चावल युक्त मतदान नेवता पत्र सम्मान के साथ दिया तथा सबसे अनुरोध किया 7 मई को सारे काम छोड़कर मतदान पहले करें। मतदान नेवता पाकर सभी खुश नजर आए। कुछ लोगों ने कहा ऐसा पहली बार देख रहे हैं। कुछ ने कहा मतदान नेवता का रखेंगे मान, करेंगे सब लोग मतदान।

- 1महाराजा चौक सब्जी विक्रेताओं ने कहा- हम मतदान जरूर करेंगे

सभी ने लगाए जागरूकता के नारेः इसके पश्चात हाथों में मतदान जरूर करें लिखी तख्तियां लिए मतदाता शपथ लिया तथा मतदान जागरूकता के नारे भी लगाए। मां शीतला सब्जी मार्केट के अध्यक्ष राजा चेलक, श्रीराम फूटान, विनोद साहू, राजा साहू, रोहित यादव, कोमल साहू, उषा वर्मा, लक्ष्मी साहू सहित सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला। इसी तरह महाराजा चौक के पास सब्जी विक्रेताओं ने भी तेज धूप में बड़े उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लिए, जागरूकता नारे लगाए। मतदाता शपथ लिए तथा सबने एक साथ कहा पहले वोट देंगे, उसके बाद दुकान खोलेंगे। नारायण यादव, अशोक समाजदार, अन्ना सहित सभी सब्जी विक्रेताओं का सहयोग रहा। सबसे पहले मतदान उसके बाद दूसरा काम। यहां भी डॉक्टर पाणिग्राही ने हल्दी पीला चावल युक्त मतदान नेवता सम्मान के साथ सब्जी विक्रेताओं तथा ग्राहकों को दिया।

● वर्ष 2018 से आरंभ हुई थी पीएचडी डिग्री

हेमचंद यूनिवर्सिटी में पीएचडी शोधार्थियों का अर्द्धशतक छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा व इतिहास से भी हुए हैं शोध

भिलाई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने पीएचडी अवार्ड के मामले में अर्द्धशतक पूरा कर लिया है। वर्ष 2018 से आरंभ हुई पीएचडी डिग्री हेतु शोध की शुरूआत के पश्चात सन् 2024 तक 50 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई है। खास बात यह है कि पूरे 50 पीएचडी मौखिकी परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा स्वयं उपस्थित रहीं। सम्भवतः विश्वविद्यालयों में पीएचडी वायवा के दौरान किसी कुलपति की प्रत्येक वायवा में उपस्थिति भी अपने आप में रिकार्ड है।

शोधार्थियों ने इन विषयों में किए शोध प्रस्तुत

पीएचडी सेल प्रभारी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि प्रथम वायवा सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई की शोधनिर्देशक, डॉ. ज्योत्सना गड़पायले के मार्गदर्शन एवं सह शोधनिर्देशक, कल्याण कॉलेज, भिलाई की डॉ. आरती मिश्रा के सह शोधनिर्देशन में श्री राम शिक्षा महाविद्यालय ठाकुरटोला राजनांदगांव की सहायक प्राध्यापक नम्रता बुलदेव ने अपना शोधकार्य पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया। बाह्य परीक्षक के रूप में गुरू घांसीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के प्राध्यापक डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा उपस्थित थें। नम्रता बुलदेव ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के परासंज्ञान कौशल पर तनाव एवं तार्किक चिंतन के प्रभाव का अध्ययन विषय पर अपना शोधकार्य प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि तनाव के विभिन्न प्रकारों में विद्यार्थियों को होने वाले तनाव से बचाने हेतु शिक्षक, पालक, विद्यालय, आदि सभी को समूचित रूप से प्रयास करना होगा।

बुजुर्ग से लेकर युवा तक हैं शोधार्थी

हेमंचद यूनिवर्सिटी दुर्ग में शोधार्थियों में 70 साल के बुजुर्ग से लेकर युवा तक शोधार्थी हैं। शोधार्थी में कॉलेज के प्रोफेसर, डॉक्टर, वकील जैसे प्रबुद्धजन भी शामिल हैं। शोध विद्यार्थियों में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा, संस्कृति से लेकर ऐतिहासिक स्थलों, पयर्टनों पर आधारित शोध किए गए हैं। जिससे छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक धरोहरों, कला पंरपरा और संस्कृति को लेकर आम लोगों तक जानकारी पहुंच सकेगी। शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार भी हेमचंद यूनिवर्सिटी की सराहना की है।

शिक्षण के दौरान तैयारी में न हो कमी - देशपांडे

आयोजित द्वितीय वायवा में सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई की डॉ. सुमीता सिंह शोधनिर्देशक तथा कल्याण कॉलेज, भिलाई की डॉ. अनिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शोधछात्र छत्तीसगढ़ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय सेक्टर 06 भिलाई की सहायक प्राध्यपक नसीम बानो ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की अधिगम शैली एवं शैक्षिक चिंता का शैक्षिक शिथिलता पर प्रभाव का अध्ययन विषय पर अपना शोधकार्य प्रस्तुत किया। बाह्य परीक्षक के रूप में नागपुर के प्रोफेसर देशपांडे उपस्थित थें। उन्होंने बताया कि शिक्षण के दौरान तैयारी में कमी एवं मेहनत की कमी के कारण विद्यार्थियों में शैक्षिक शिथिलता आती है। पीएचडी वायवा के दौरान कल्याण महाविद्यालय भिलाई के प्राचार्य डॉ. आर. पी. अग्रवाल, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक कुलसचिव डॉ. सुमीत अग्रवाल एवं विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक तथा शोधार्थी उपस्थित थें।

महानायकों पर भी हुए हैं शोध

हेमचंद यूनिवर्सिटी में देश और छत्तीसगढ़ के महानायकों पर भी शोध पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। देश के लिए कुर्बानी देने वाले महापुरूषों और नायकों पर आधारित शोध पर भी शोधार्थियों ने गहरी रूचि दिखाई है। शोधार्थियों को ऑनलाइन सुविधा हेमचंद यूनिवर्सिटी ने उपलब्ध करवाई है। विशेषज्ञ प्रोफेसरों द्वारा शोध के लिए लेक्चर की सुविधा दी गई है। विद्यार्थी यहां आकर भी प्रत्यक्ष रूप से शोध के पठन-पाठन में शामिल हो सकते हैं।

आरसीईटी के कैफ ने बाबूभैया की मिमिक्री से जीता पुरस्कार, बीआईटी की वैष्णवी सोलो में प्रथम

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इन दिनों टेक फेस्ट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। कोई नाटक में अभिनय की बारीकियों से सबको आश्चर्य से भर रहा है तो कोई डांस व गायन के जरिए अपनी आवाज का जादू चला रहा है। सीएसवीटीयू के इस अंतर जोन टेकफेस्ट में सभी इंजीनियरिंग, फार्मेसी और पॉलीटेक्निक छात्र हिस्सा ले रहे हैं। बुधवार को सीएसवीटीयू ने रूंगटा आर-1 कॉलेज सभागार में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराईं।

8 जोन की टीमों ने डांस के जरिए देश की विभिन्न संस्कृति को भरतनाट्यम के जरिए पेश किया। वहीं क्लासिकल गीत पर एकल नृत्य के जरिए भारत की संस्कृति को दर्शाया। सोलो डांस स्पर्धा में बीआईटी दुर्ग की वैष्णवी सतौने प्रथम रहीं। वहीं नाट्य प्रस्तुति के जरिए महिला सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा का मुद्दा उठाकर आरसीईटी भिलाई ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। आरसीईटी के मोहम्मद कैफ ने मशहूर कैरेक्टर बाबूभैया (अभिनेता परेश रावल) की आवाज और एक्ट की हूबहू मिमिक्री करके प्रथम स्थान हासिल किया। सीएसवीटीयू के लिए इस टेक फेस्ट के समन्वयक डॉ. आरएस ठाकुर पूरे समय प्रतियोगिता में मौजूद रहे। महिला सशक्तिकरण का संदेश देते नाटक के सभी पात्र रौनित, श्यामली सामंत, श्रृष्टि, शिवम और राजू कुमार के अभिनव को उन्होंने खूब प्रोत्साहित किया। इन प्रतियोगिताओं में नृत्य के लिए सरिता श्रीवास्तव बतौर निर्णायक शामिल हुईं। नाटक के जज के रूप में इप्टा के पदाधिकारी मणियम मुखर्जी और शक्तिपद चक्रवर्ती मौजूद रहे।

कार्यक्रम में डॉ. राकेश हिमते, डॉ. अल्बर्ट जॉन वर्गीस, डॉ. सत्यधर्म भारती, डॉ. रेजो रॉय, श्वेता बांधेकर, प्रेरणा शिखर और डॉ. आभा सिन्हा का सहयोग रहा। सीएसवीटीयू की यूटीडी में अब गुरुवार को अंतर जोन स्पर्धा का फाइनल मुकाबला होगा, जिसमें प्रतिभागी सॉन्ग, चित्रकारी, काटूर्निंग, महेंगी, रंगोली, डिबेट, भाषण और निंबध में हिस्सा लेकर पुरस्कार जीतेंगे।

रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था ने श्रमिक महिलाओं का किया सम्मान

भिलाई। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई के अवसर पर रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था ने घर-घर से कचरा बटोर कर भिलाई नगर निगम को आदर्श भिलाई , स्वच्छ भिलाई के लक्ष्य को प्राप्त किया है। उन श्रमिकों का हल्दी, कुमकुम, अक्षत लगाकर सम्मान किया। जिनमे भेंट स्वरूप साड़ियां, पैंट शर्ट, दस्ताने मास्क, नहाने और कपड़े धोने के साबुन भेंट दिये। संस्था के द्वारा शरबत और स्वलप आहार कराया गया ।

लोकतंत्र के चुनाव के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया। जन मानस को चुनाव में किसी तरह से बटन दबाना है और राष्ट्र और राज्य जन-मानस का विकास, सुरक्षा और विभिन्न विषयों के प्रति अवलोकन करना शत प्रतिशत मत दान देने का आह्वान समस्त जिलावासियों को गांव उरला जिला दुर्ग से किया गया। यह जन जागरूकता संस्था अध्यक्ष शान्ता शर्मा, स्वसहायता समूह की अध्यक्ष नन्दी साहू, संस्था संरक्षक सोहनलाल साहू, शारदा शर्मा, शैलेश साहू उपस्थित थे।

-ब्रह्माकुमारीज केलाबाड़ी दुर्ग में समर कैंप का शुभारंभ

मेडिटेशन की शक्ति ही है जो मुझे हर विपरीत परिस्थितियों में भी विजय तक ले जाती है

कार्नर न्यूज

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजऋषि भवन केलाबाड़ी दुर्ग में तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर कक्षा 7 से 8 के विद्यार्थियों के लिए शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आरएल ठाकुर संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग, डॉक्टर कृष्णा अग्रवाल प्राचार्य आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा बहन व शिविर में आए हुए बच्चों के साथ अनेक पालकगण उपस्थित थे।

दुर्ग। शिविर के शुभारंभ में आगंतुक अतिथियों, बच्चों व सभी पालकों का स्वागत करते हुए ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा बहन ने कहा यह सभा ऐसे लग रहा है जैसे बगीचे में फूलों की फुलवारी के बीच में हम बैठे हैं। सभी बच्चों के चेहरे की मुस्कान से यहां का वातावरण भी खुशनुमा हो गया है। जीवन में सफलता के लिए शिक्षा के साथ-साथ और कई चीजें आवश्यक है। सफलता के लिए शिक्षा के साथ मन की शक्ति भी चाहिए मन यदि खुश ना हो तो पढ़ाई में भी मन नहीं लगता। यह जो शिविर है विपरीत परिस्थिति में हम अच्छा कैसे सोचें उसके प्रशिक्षण के लिए यह आयोजन किया गया है। जब यह शिविर पूरा होगा तो आप महसूस करेंगे की मुझमें कुछ नया परिवर्तन आया है । दुर्ग शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक आर. एल. ठाकुर ने बच्चों के सम्मुख अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर के आयोजक ब्रह्माकुमारी बहनों अतिथियों व पालकगण का व बच्चों का स्वागत है। एजुकेशन अर्थात शिक्षा क्या है क्या पढ़ना-लिखना ही शिक्षा है। आज बड़ी-बड़ी डिग्री ले लेते हैं तो सोचते हैं कि हम उच्च शिक्षित है किंतु शिक्षित बनना यह बहुत बड़ी चुनौती है। यह इस शिविर में आने के बाद पता चला जब ब्रह्माकुमारी चैतन्य बहन ने बताया तो समझ आया कि हम सिर्फ डिग्रीधारी हैं हम शिक्षित नहीं है शिक्षा अर्थात डिग्री के साथ नैतिक मूल्यों का होना अति आवश्यक है। इस तीन दिन में आप जान लेंगे की नैतिक मूल्यों का जीवन में कितना महत्व है ।

राष्ट्रपति पुरस्कार एवं अनेक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर कृष्ण अग्रवाल प्राचार्य आदर्श कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय ने बच्चों के सम्मुख अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा के उपरांत अभी जो समय सभी बच्चों को मिला है उसमें सभी को ऐसे महसूस हो रहा है कि अभी बिल्कुल फ्री है ? जब पढ़ाई करते हैं तो मन में यही रहता है कि पढ़ना है.. पढ़ना है ... पढ़ना है दूसरी चीज़ सीखने की ओर ध्यान नहीं जाता यह जो ग्रीष्मकालीन अवकाश का समय आप सभी बच्चों को मिला है उसका पूरा उपयोग करना है। यहां पर जो भी चीज आपको सिखाई जाएगी वह कहीं ना कहीं आपके व्यक्तित्व को निखारेगी और जब हम कोई अच्छी चीज़ सीखतें हैं तो हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है और किसी भी कार्य को करने के लिए जीवन में आत्मविश्वास का होना अति आवश्यक है। उन्होंने यहां सिखाए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन के विषय में बच्चों को बताया कि आपको आने वाले समय में जब यह ज्ञात होगा कि यह मेडिटेशन की शक्ति ही है जो मुझे हर विपरीत परिस्थितियों में विजय तक ले जाता है तब आज के दिन का महत्व समझ आयेगा ।

सिटी इवेंट

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

भिलाई। सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई के अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर विभाग द्वारा 1 मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर महाविद्यालय के सहायक कर्मचारीयों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राइट रेवरेंट थॉमस रामबान, सेंट थॉमस मिशन भिलाई के उपाध्यक्ष थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. जोशी वर्गीज एवं प्राचार्य डॉक्टर एमजी रॉईमोंन ने कार्यक्रम की सराहना की एवं समस्त सहायक कर्मचारी को संबोधित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा घोष ने मुख्य अतिथि, कर्मचारीयों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी का हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेंट थॉमस महाविद्यालय के समस्त सहायक कर्मचारीयों को उनके मेहनत और समर्पण के लिए सम्मान स्वरूप अल्पाहार एवं भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको एवं छात्र-छात्राओं उपस्थित थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन एमए अर्थशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र भीमांशु साहू के द्वारा प्रस्तुत किया गया। विभाग के अन्य सदस्य डॉ. किरण दास भी उपस्थित थे। सहायक प्राध्यापक अपर्णा दत्ता ने इस कार्यक्रम का संचालन किया।

● भिलाई के व्यापारियों का हुआ महासम्मेलन

व्यापार के तरीकों में हो रहे बदलाव के साथ आर्थिक मजबूती जरूरी

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज भिलाई के आह्वान पर भिलाई के प्रतिष्ठित होटल में पूरे भिलाई के व्यापारियों को यहां सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने व्यापारियों को कहा कि व्यापारी एकता को संगठित करते हुए पूरे देश को यह संदेश भेजा जाए कि व्यापारी भी विकासशील देश से विकसित देश बनाने में अपनी सर्वोच्च भूमिका निभाएगा। भारत को विश्व की नंबर एक की आर्थिक महाशक्ति के अभिमान को सशक्त करते हुए राष्ट्र में अपना योगदान निश्चित करेगा और यह मांग भी करेगा कि सरकार भी हर संभव प्रयास कर देश भी व्यापारियों के व्यापार को सुगम और सरल बनाते हुए देश हित एवं व्यापारी हित में कार्य करें।

व्यापार के तरीके में बदलाव देखा जा रहा: गारगी शंकर

भिलाई चेम्बर के अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र ने व्यापारियों को दुनिया के व्यापार के साथ अपग्रेड रहने को कहा चूंकि सारी दुनिया के व्यापार के तरीके में बदलाव देखा जा रहा है इसलिए हमें भी आधुनिक तरीके अपनाकर अपने व्यापार को मजबूत करना पड़ेगा। इस सम्मेलन में सेक्टर से श्री नरेश वासवानी, उत्तम जैन, राजेश गुप्ता, विशाल छाबड़ा, दिलीप, रितेश अग्रवाल के नेतृत्व में जय व्यापार का नारा लगाते हुए सैकड़ो व्यापारी जवाहर मार्केट से अखराज ओस्तवाल, भूषण अदलखा, शिवराज वराज शर्मा के प्रतिष्ठित व्यापारियों ने लिंक रोड से पवन जिंदल, प्रेम रतन गहलोत के 150 व्यापारी, जलेबी चैक कैम्प-1 से राजकुमार जायसवाल, फलमंडी से मनोज माखीजा, अमित पाण्डे, त्रिलोकी नाथ के साथ फलमंडी व्यापारी, सुपेला से विनोद प्रसाद, राकेश मल्होत्रा के नेतृत्व में हरीश शर्मा, लक्ष्मण आयलानी, सुधाकर शुक्ला नंदनी रो से मनोहर कृष्णानी, सुभाष साहू ने अपने व्यापारी साथियों के साथ रहे।

कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

भिलाई चेम्बर के चेयरमेन भीमसेन सेतपाल, दयाराम बत्रा, विनय सिंह, महिला चेम्बर की अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही एवं गीता वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो महिला व्यापारी सविता शर्मा, लक्ष्मी वर्मा, भारती सहित कृतिका सिंह एवं भिलाई चेम्बर से सरमद इमाम, अब्बास, देवेन्द्र सिंह बरहा, हेमंत अरोरा, चिन्नाराव, उद्योग चेम्बर से करमजीत सिंह बेदी, महेश बसंल, विनोद सोनी, अनुपम पाण्डे, स्वामी नाथन, भोलानाथ एवं हजारों की संख्या में भिलाई के विभिन्न मार्केटो से आये सम्मानित व्यापारी उपस्थित रहे। महासम्मेलन की विधिवत संचालन सुनील मिश्रा ने अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया। जिसको सभी व्यापारिक बंधुओं ने सराहा और स्वागत किया।

सिटी लाइव

घायलों की मदद करने वाले गुडसेमेरिटनों को एसपी ने किया सम्मानित

भिलाई। केडिया डिस्टलरी की बस ख्रदान में पलट गई थी। हादसे में 12 लोगों की मौत हुई थी। इस दौरान घायलों को तुरंत गुडसेमरिटनों द्वारा उपचार के लिए बस से निकालकर अस्पताल भेजकर बेहतर काम किया था। इस तरह के नेक व्यक्तियों को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने प्रमाण पत्र देकर लोगों को सम्मानित किया। गौरतलब हो कि 9 अप्रैल को कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत केडिया कंपनी से कर्मचारियों को लेकर जा रही मिनी बस रात 8.10 बजे अनियंत्रित होकर 25 फीट गहरी खाई में पलट गई। हादसे में कई कर्मी बस में फंसे रहे उक्त घटना के बाद महामाया पारा निवासी सरस्वती खाण्डे के द्वारा पहले लोगो की आवाज सुनकर घर से बाहर निकली। इस दौरान सरस्वती ने आसपास के लोगों को चिल्लाकर आवाज लगाई। जिसमें गुडसेमेरिटन दुर्गेश कुराहे, मुकेश कुराहे, आकाश यादव, पवन यादव, पूजन प्रजापति, जितेन्द्र जांगडे, ओमप्रकाश प्रजाप्रति, लोकेश सोनकर के द्वारा घायलों को बस से निकालकर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए रवाना किया। जिसके कारण अन्य कर्मियों की जान बच पाई। समारोह में ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, सदानंद विंध्यराज समेत ट्रैफिक के अलावा पुलिस विभाग के आफिस कर्मचारी भी मौजूद थे।

- कुम्हारी बस हादसे का है मामला
- हर नागरिकों को हादसे में घायलों को मदद करने की अपील एसपी ने की

सेमिनार आयोजित

रुंगटा कॉलेज में मनाया ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी डे

भिलाई। राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा, निदान एवं रेडियोलॉजी दिवस के अवसर पर रुंगटा कॉलेज ऑफ डेटल साइसेज एड रिसर्च, भिलाई ने यग इंडियन एसोसिएशन दुर्ग के सहयोग से प्राथमिकता कल्याणः शरीर और दिमाग दोनों का पोषण पर सेमिनार आयोजित किया, जिसमें डॉ. नेहा मद्रा ने इस विषय के बारे में अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किया। संजय रुंगटा, चेयरमेन एएसआरजीआई, साथ में डॉ.साकेत रुंगटा, निदेशक एसआरजीआई एवं अध्यक्ष यंग इंडियन ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। वहीं डीन डॉ. कार्तिक कृष्णा एम, डॉ. फातिमा खान, प्रो. और एचओडी, वाइस डीन आरसीडीएसआर ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. साकेत रूंगटा के मार्गदर्शन में किया गया और समन्वय यता अध्यक्ष हर्ष जैन यता सह-अध्यक्ष शिप्रा जैन दुवारा किया गया। हेल्थ चेयर यंग इंडियन, गगन अग्रवाल, डॉ. दीपलक्ष्मी, प्रो. ओएमडीआर विभाग ने इस कार्यक्रम को करने में समन्वयक किया। इस अवसर पर ओएमडीआर विभाग स्पॉट डायग्नोसिस और एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कार और प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

जागरुकता अभियान चलाया

लू से बचने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को बताए गए उपाए

भिलाई। लू प्रबंधन पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई तीन में मरीज और परिजनों, अस्पताल कर्मियों के साथ-साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव ने सभी जिला में जागरूकता अभियान चलाकर इसके प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए है। मेडिकल आफिसर डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया शरीर का तापमान जब न्यूनतम तापमान से अधिक हो जाए। जिसके कारण तेज बुखार, उल्टी लगना, चक्कर आना, मूर्क्षित होकर गिर पड़ना। शुरुआती लक्षण है इसको इग्नोर नहीं करना चाहि। प्रखंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सैय्यद असलम ने बताया कि गर्मी में फूल शर्ट की कमीज पहनकर जाना चाहिए। खाली पेट नहीं निकलना चाहिए। हो सके तो बिना वजह के 11 बजे से 4 बजे तक घर से बहार ना निकले। एसी ओर कूलर से सीधे निकलकर खुली धूप में नहीं जाना चाहिए। वैसे ही बहार के तापमान में कार्य करते हुए सीधे कूलर, एसी कमरों में नहीं जाना चाहिए। गागल,धूप के चश्मे, सफेद कपड़े कानो को गमछा आदि से ढक कर चलना जरुरी है। इस मौसम में शरीर का पानी पसीना के रूप में निकलता है। जिससे पानी की कमी हो जाती है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने लू को लेकर बताया कि सरकारी अस्पतालों में मिलने वाला ओआरएस घोल बडा कारगर है। सभी को गर्मी में इस्तेमाल करना चाहिए शरीर में पानी की कमी दूर करता है। इसके मिश्रण में ग्लूकोज, इलेक्ट्रोड्स की कमी ओर तरल पदार्थ की कमी दूर करने में बड़ा रोल है। लू से बचाव नहीं करने पर अचानक मौत भी हो जाती है। घर पर एक गिलास पानी में एक चुटकी नमक,दो बूंद नींबू और एक चम्मच शक्कर से घरेलू नुस्खे से भी जीवन रक्षक घोल मनाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त आवश्यक होने पर समीप के अस्पताल मे पहुंच कर उपचार जरूर करें। इस अवसर पर जे डी मानिकपुरी, आर विश्वास एलएच व्ही स्टाफ नर्स पोमेश साहू फार्मासिस्टि तृप्ति चंद्राकर,लैब टेक्नीशियन आलिया खातून समेत ओपीडी में आने वाले मरीज बडी संख्या में मौजूद थे।

ओआरएस घोल बड़ा आकारगर

सिटी इवेंट

हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों को दिया प्रशिक्षण

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के तत्वावधान में प्रशिक्षण शिविर में सन 2024 में हज यात्रा पर जाने वाले आजमीनों को हज का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें लोगों को हज कमेटी द्वारा किए गए इंतजाम और कुछ तबदीलियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों ने प्रशिक्षण लिया। 1 मई 2024 को दुर्ग शहर के ताकियापारा मुस्लिम कम्युनिटी हॉल में हज कमेटी के हज ट्रेनरों द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। शिविर की शुरुआत मास्टर्स ट्रेनर्स एवं सदस्य हज कमेटी कारी इमरान अशरफी साहब किबला ने तिलावते कुरान से की। हज यात्रियों को संबोधित करते हुए राज्य हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी सचिव डॉक्टर साजिद अहमद फारूकी द्वारा हज यात्रा के इंतजामात का विस्तृत विवरण देते हुए सभी हज यात्रियों को मुबारकबाद दी। इसमें हज ट्रेनर हाजी सैय्यद सलीम अशरफ द्वारा हज की एहमियत और उसे सही ढंग से करने का तरीका वीडियो पॉवर पाइंट द्वारा एक एक बिन्दु को गहनता से समझाया। इसके बाद एयरपोर्ट के नियम और सऊदी अरब में जो कानून है, उनकी जानकारी दी। हज यात्रियों को कांसिलेट जनरल ऑफ इंडिया, जद्दा द्वारा तैयारी की गई हज फिल्म भी दिखाई गई। दिन भर चले इस प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता मो. असलम खान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी ने किया।

बोरई में भागवत कथा यज्ञ सप्ताह का आयोजन

निष्काम प्रेम का भाव हमें गोकुल की गलियों से सीखना चाहिए: स्वामी निरंजन महराज

कार्नर न्यूज

भिलाई। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम बोरई में श्रीमद्भागवत कथा चल रहे हैं, जिसमें निरंजन महाराज बता रहे हैं कि हमारे मन में प्रेम है, घट में प्रेम है, अपने अंदर की पवित्रता है तो हमारे घर में जीवन में वृन्दावन है, जहां प्रभु हमेशा रहते हैं। मन वचन कर्म से भगवान का वरण कर लो, जैसे व्यवहार जगत में कन्या, पति का वरण करती है वैसे जीव के लिए जगतपति हैं ईश्वर, जिसे पाने के लिए वरण करने के लिए रूखमणी की तरह चातक प्रेम होना चाहिए। दास का भाव रखते हुए भगवत शरन होकर जीवन का यश, पुण्य, परमार्थ जो कुछ भी है परमात्मा के शरण अर्पित कर दो।

जीवन में कन्यादान का सौभाग्य अवश्य उठाना चाहिए

ग्राम बोरई के पावन धरा में दीपक यादव परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित भागवत कथा यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिवस भगवताचार्य स्वामी निरंजन महराज लिमतरा आश्रम ने उपस्थित भागवत भक्तों से कही। निष्काम प्रेम का भाव हमें गोकुल के गलियों से सीखनी चाहिए जहां ब्रजवासी कृष्ण की अनुपस्थिति में भी चौबिसों घंटा कृष्ण का साथ होने का अनुभूति करते हैं। कृष्ण रुखमणी विवाह के सजीव चित्रण से उत्साह से भरे भागवत भक्तों नें वैसे ही कन्या दान का रस्म किये जैसे सच में रुखमणी उसकी ही पुत्री हो । कन्या दान का महत्व बताते हुए कथा प्रवक्ता स्वामी निरंजन जी महराज ने उपस्थित श्रोताओं से आग्रह किया कि जीवन में कन्या दान का सौभाग्य अवश्य उठाना चाहिए चाहे बेटी किसी का भी हो। यह व्यवहार जगत का श्रेष्ठ दान होता है। हर किसी को यथा संभव सहयोग अवश्य करना चाहिए। सुदामा यानि 'स्व दामा यस्य सःसुदामा 'अर्थात जो अपनी इंद्रियों का दमन कर ले वही सुदामा है। मित्रता सुदामा और कृष्ण जैसे होनी चाहिए,जहां न आभाव का भाव हो और न ही प्रभाव का भाव हो। निस्वार्थ रिस्ते का नम सुदामा और सच्ची मित्रता का नाम कृष्ण है।

ताउम्र रखें सीखने का भाव

दत्तात्रेय महराज के 24 गुरु का वर्णन करते हुए स्वामी ने कहा कि ये चौबीस गुरु और कोई नही थे, बल्कि प्रकृति अंश में पशु, पक्षी, नदी, पहाड़ वृक्ष ही थे जिनसे सीख लेकर हम भी अपना जीवन सरल सुगम कर सकते हैं। हमें सीखने का भाव ताउम्र रखनी चाहिए। प्रकृति अलग-अलग माध्यमों से हमें संदेश देती रहती है। जिससे हमें प्रेरणा लेते रहना चाहिए। जब तक हममें, प्रकृति से हमें मिली सौगातों के प्रति धन्यवाद का भाव नही आयेगा हम कभी खुश नही हो सकेंगे। भागवत कथा मोक्षदायिनी है,यान कथा श्रवण से हमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, मत्सल से मुक्ति मिलती है, जिससे जीवन सहज सरल हो जाता है। नवधा भक्ति में भी श्रवण की भक्ति को सहज, सरल और श्रेष्ठ बताया गया है। यादव परिवार ने आयोजन में पहुंचे सभी भक्तजनों एवं सहयोगियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

सिटी स्पोर्ट्स

महिला क्रिकेट में ईस्ट और वेस्ट जोन की जीत

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वुमेंस अंडर-19 वनडे चैलेन्जर्स ट्रॉफी 2024 का आयोजन 27 अप्रैल से जारी है। इस टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मैच वनडे फार्मेट में आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर तथा सेक्टर 1 मैदान, भिलाई में खेले जा रहे हैं। बुधवार का पहला एक दिवसीय मैच वेस्ट जोन तथा साउथ जोन के मध्य आर.डी.सी.ए. ग्रांउड, रायपुर में खेला गया। जिसमें वेस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। साउथ जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाये। जिसमें कल्पना पांडे ने 38 रनों का योगदान दिया। वेस्ट जोन की ओर से महक नरवसे ने 3 विकेट, वैष्णवी रत्ना तथा शिविका अग्रवाल ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट जोन की टीम ने 29 ओवरों में 5 विकेट खोकर 173 रनों का लक्ष्य हासिल किया। वेस्ट जोन की ओर से महक नरवसे ने नाबाद 74 रन तथा भाविका साहु ने 27 रन बनाये। साउथ जोन की ओर से प्रेमशीला कुजुर ने 2 विकेट प्राप्त किये। वेस्ट जोन ने मैच 5 विकेट से जीत लिया। आज का दुसरा एक दिवसीय मैच इस्ट जोन तथा सेन्ट्रल जोन के मध्य सेक्टर 1 ग्रांउड, भिलाई में खेला गया। जिसमें ईस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ईस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाये। जिसमें मानसी उपाध्याय ने नाबाद 106 रन तथा शांति बघेल ने 65 रनों का योगदान दिया। सेन्ट्रल जोन की ओर से अनम खान, ख्याति साहु तथा अलीशा बानो ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेन्ट्रल जोन की टीम 45.2 ओवरों में 190 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। सेन्ट्रल जोन की ओर से नूतन कौशिक ने 69 रन तथा ख्याति साहु ने 33 रन बनाए। ईस्ट जोन की ओर से सौम्या तथा चांदनी कुमारी ने 2-2 विकेट लिए। ईस्ट जोन ने मैच 98 रनों से जीत लिया।

ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर 6 मई से

रायपुर। टेनिस संघ के तत्वावधान मे राजधानी टेबल टेनिस संघ द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 6 मई से 7 जून तक शाम 6 से 8 बजे तक किया जाएगा। शिविर में बालक एवं बालिकाओ हेतु 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लिए प्रशिक्षण रखा गया है। शिविर मे टेबल टेनिस के बेसिक स्ट्रोक की बारीकियों के साथ शारीरिक व मानसिक व्यायाम द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमे एन.आई.एस. कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी मिराज, एन.आई.एस. कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अशफाक, आईटीटीएफ लेवल 1 कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रवीण निरापुरे प्रशिक्षण देंगे । इनके साथ में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विनय बैसवाड़े खिलाड़ियों का विशेष मार्गदर्शन करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के इच्छुक बालक / बालिका सप्रे शाला में विनय बैसवाड़े एवं प्रवीण निरापुरे से सायं 6 से 8 बजे में संपर्क कर पंजीयन करवा सकते। यह जानकारी विनय बैसवाड़े ने दी।

राज्य स्तरीय सीनियर एवं यूथ एथलेटिक्स चयन में जुटे युवा

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर एवं यूथ एथलेटिक्स चयन प्रक्रिया का आयोजन स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स स्टेडियम कोटा बिलासपुर मे 27 और 28 अप्रैल को किया गया I चयन प्रक्रिया मे छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों से 285 खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं तकनीकी अधिकारी आदि भाग लिए ।

प्रतियोगिता मे एएफआई के मापदंडो के आधार पर छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ कि चयन समिति द्वारा चयनित खिलाडी 27 वी नेशनल फ़ैडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप भूबनेश्वर (ओड़ीसा), 63 वी नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप पंचकुला (हरियाणा) एवं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप बिलासपुर (छत्तीसगढ़) मे भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियो की सूची जल्द ही जारी की जाएगी । यह चयन प्रक्रिया छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जीएस बाम्बरा की उपस्थिती मे हुआ। चयन प्रक्रिया के आयोजन सचिव रविशंकर धनगर थे, वही चयनकर्ता धनगर, अनिरुद्ध, दिनेश कुमार तांडी और अरुण कुमार पाल थे। तकनीकी अधिकारी के रूप मे आरके पिल्ले, सुशील कुमार मिश्रा, पीजी जय कृष्णन, परमेश्वर राम भगत, सुदर्शन सिंह एवं दीपक जे पटेल आदि उपस्थित रहे ।

बढ़ रही है सूरज की तपिश, रहें सावधान

गर्मियों में क्यों बढ़ जाती है चक्कर आने-बेहोशी की दिक्कत? कैसे करें इन समस्याओं से बचाव

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी और लू के शरीर पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि सभी लोगों को इन दिनों धूप और गर्मी से बचाव करते रहना चाहिए। जिन लोगों को पहले से ही किसी प्रकार की क्रोनिक बीमारी जैसे हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज या हृदय रोगों की समस्या रही है उन्हें इन दिनों में और भी सावधान हो जाना चाहिए। लू के कारण अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है।

गर्मी के दिनों में आपने भी बेहोशी और चक्कर आने जैसे मामलों के बारे में जरूर सुना और देखा होगा। पर क्या आप जानते है कि आखिर ऐसा होता क्यों है और गर्मी के कारण कोई बेहोश हो जाए तो तुंरत क्या उपाय किए जाने चाहिए जिससे उसे किसी गंभीर समस्या से बचाया जा सके?

हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली समस्या

हीट स्ट्रोक या गर्मी के कारण आने वाले चक्कर-बेहोशी की समस्या आमतौर पर तब होती है जब हमारे शरीर का तापमान कुछ प्रकार के बाहरी कारकों जैसे उच्च तापमान की प्रतिक्रिया में काफी बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी के मौसम में बाहर रहने वाले, फील्ड में काम करने वाले या गर्मी के मौसम में बाहर खेलने-व्यायाम करने वाले लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है। यह दिक्कत तब भी हो सकती है जब आप किसी गर्म कार या इनडोर क्षेत्र में हों जहां का तापमान अधिक हो। यही कारण है कि गर्मियों में सेहत का ख्याल कैसे रखें, क्या करें-क्या नहीं? इस बारे में जानना जरूरी है।

क्यों होते हैं बेहोश

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, गर्मी के दिनों में अधिक तापमान के संपर्क में आने के अलावा भी कुछ स्थितियां हैं जिनके कारण आपको चक्कर आने-थकान और बेहोशी की समस्या हो सकती है। निर्जलीकरण यानी कि डिहाइड्रेशन इसका एक प्रमुख कारण है। शरीर से पसीने के रूप में पानी निकल जाने और उस अनुपात में पानी न पीने की स्थिति में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है जिसमें बेहोशी होना एक प्रमुख लक्षण है। इसके अलावा अचानक से ठंड से गर्म या गर्म से ठंडी जगहों में जाने से शरीर के तापमान में होने वाले बदलाव के कारण भी बेहोशी-चक्कर आने की दिक्कत हो सकती है।

गर्मियों में चक्कर आने से कैसे बचें?

डॉक्टर द्वारा दिए गए कुछ सुझावों का पालन करके गर्मियों में चक्कर आने-बेहोशी से बचा जा सकता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सुनिश्चित करें। पानी से भरपूर फलों-सब्जियों का भी सेवन जरूर करें। अत्यधिक चाय या कॉफी पीने से बचें। इनसे निर्जलीकरण का खतरा हो सकता है। ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) लेते रहें। शरीर के तरल पदार्थों को जल्दी से पूरा करने में इससे मदद मिल सकती है। गर्मियों में नारियल पानी और नींबू पानी जैसे पेय का सेवन जरूर करते रहें। जितना संभव हो सके सूरज के संपर्क में आने से बचें, खासकर दोपहर के दौरान। सूती, ढीले-ढाले और हल्के कपड़े पहनें।

बेहोश होने पर क्या करें?

डॉक्टर बताते हैं, गर्मी के दिनों में बेहोशी-चक्कर आने का प्रमुख कारण शरीर की तापमान बहुत अधिक बढ़ जाना होता है। यदि कोई बेहोश हो जाए तो सबसे पहले शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय करें। डिहाइड्रेशन के खतरे को कम करने के लिए तरल पदार्थ-पानी पिलाएं। इन उपायों से भी राहत न मिले तो तुरंत किसी डॉक्टर की मदद लें। समय पर उपचार न मिलने की स्थिति में लक्षणों को बिगड़ने और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा और अधिक हो सकता है।

गर्मी के कारण आंखों में जलन के साथ आ रहा है पानी?

गर्मियों में आंखों में खुजली, जलन और आंखों से पानी आना जैसी दिक्कतें अक्सर परेशान करती हैं। इन्हें दूर करने के लिए, आप कुछ आसान तरीकों की मदद ले सकते हैं।

आजकल गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बढ़े हुए तापमान के बीच, लोगों को कई तरह की परेशानियां हो रही हैं। तेज गर्मी में चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना, बेहोशी आना और बीपी लो होना जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। हीट वेब के बीच, अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के कारण, आंखों में भी परेशानी महसूस हो सकती है। आंखों में जलन, पानी आना और खुजली होना, गर्मी के कारण होने वाली आम समस्या है। इसे दूर करने के लिए और इससे बचने के लिए, कुछ आसान तरीके कारगर हैं। चलिए, आपको बताते हैं कि किस तरह आप, गर्मी के कारण, आंखों में होनी वाली परेशानियों से निजात पा सकते हैं।

गर्मियों में आंखों से आने वाले पानी और जलन को दूर करने के लिए अपनाएं ये तरीके : गर्मी के मौसम में बाहर जाते समय और बाहर से आने के कुछ देर बाद, आंखों को साफ पानी से जरूर धोएं। इसके अलावा, बाहर जाते वक्त सनग्लासेस जरूर पहनें। आंखों में नमी और ठंडक को बनाए रखने के लिए, बीच-बीच में गुलाब जल जरूर डालें। गर्मियों में

आंखों में जलन न हो, इसके लिए,शरीर को हाइड्रेट रखना भी जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी और छाछ जैसे ठंडे ड्रिंक्स को भी डाइट में शामिल करें। आंखों में जलन या खुजली महसूस हो रही हो या फिर अगर आपकी आंखों में गर्माहट हो, तो इसे दूर करने के लिए एक मुलायम कपड़े में आइस क्यूब्स लेकर इसे बंद आंखों के ऊपर और आस-पास के हिस्से में लगाएं। अपने चेहरे और आंखों को बार-बार हाथों से न छुएं। इससे भी आंखों में जलन हो सकती है। गर्मियों में आंखों की जलन को कम करने के लिए, कच्चे खीरे के टुकड़ों को काटकर, कुछ देर के लिए आंखों पर रखें।

इसमें हाइड्रेटिंग और ठंडक देने वाले गुण पाए जाते हैं। अगर आंखों से पानी आ रहा है, तो आंखों को कपड़े से साफ न करें। इससे वेट टिश्यू से साफ करें। कपड़े से बार-बार आंखे पोंछने से आंखों मेंसूजन भी आ सकती है। तेज धूप में जाने से बचें। खासकर, दोपहर में 12-3 बजे के बीच, तेज धूप में न निकलने की कोशिश करें।

किन देवी-देवताओं को लगाना चाहिए केले के पत्ते में भोग?

हिंदू धर्म में केले के पत्ते को बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। सभी देवी-देवताओं की पूजा में पान के पत्ते का विशेष रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

हिंदू धर्म में केले के पत्ते को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। केले के पत्ते को शुभता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इसका उपयोग पूजा-पाठ, धार्मिक अनुष्ठानों में विशेष रूप से किया जाता है। केले के पत्ते में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का वास होता है।

भगवान विष्णु को लगाएं भोग

भगवान विष्णु को केले के पत्ते पर तुलसी, कमल का फूल, और फल रखकर भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से जातक के विवाह में चल रही परेशानियां दूर हो सकती है। साथ ही सुख-समृद्धि का भी आगमन हो सकता है। इसके अलावा दांपत्य जीवन में चल रही समस्याएं दूर हो सकती है। केले के पत्ते में भगवान विष्णु को भोग लगाने से उनकी कृपा बनी रहती है। साथ ही कुंडली में स्थित ग्रहों की स्थिति ठीक हो जाती है।

भगवान गणेश को लगाएं भोग

भगवान गणेश को केले के पत्ते में भोग लगाना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि गणेश जी को केले के पत्ते बेहद प्रिय है। केले के पत्ते में भोग लगाने से जातक को बुध दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही जीवन में कभी किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

मां लक्ष्मी को लगाएं भोग

माता लक्ष्मी को केले के पत्ते में भोग लगाने से लाभ हो सकता है। ऐसा कहा जाता है कि केले के पत्ते में भोग लगाने से धन-धान्य की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही जातक के जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती है। इसके अलावा अगर आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, तो उससे भी छुटकारा मिल सकता है।

मां दुर्गा को लगाएं भोग

मां आदिशक्ति को केले के पत्ते में भोग लगाएं। ऐसा कहा जाता है कि केले के पत्ते में उन्हें भोग लगाने से जातक को कभी किसी भी चीज की कमी नहीं होती है। इसके अलावा अगर आपके किसी काम में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है, तो उससे भी छुटकारा मिल सकता है।

करेले की सब्जी हो जाती है कड़वी तो अपनाएं जरुरी नुस्खे, कड़वेपन से मिलेगा छुटकारा

गर्मी के मौसम में ज्यादातर डॉक्टर करेला खाने की सलाह देते हैं। करेले में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद रहते हैं। कई बीमारियों में करेले का सेवन किया जाता है। करेला एक ऐसी सब्जी है, जिसे सही तरह से बनाना काफी जरूरी होता है। वैसे तो करेला खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है, लेकिन अगर इसे सही से न बनाया जाए तो इसका स्वाद काफी कड़वा हो जाता है।

बड़े लोग तो फिर भी एक बार को ये सोचकर करेले खा लें, कि ये सेहत के लिए लाभदायक होते हैं, लेकिन बच्चों के खाने को लेकर काफी नखरे होते हैं। अगर आप भी इस बात से परेशान हैं, कि करेला बनाते वक्त ये कड़वे रह जाते हैं, तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद करेले की सब्जी का कड़वापन दूर हो जाएगा।

लगा कर रखें नमक

करेला बनाने से पहले तकरीबन 30 मिनट के लिए करेलों पर अच्छी तरह से नमक लगा दें। नमक में पाए जाने वाले मिनरल्स करेले के कड़वे जूस को हटाने में मदद करेंगे। आप चाहें तो इन्हें नमक के पानी में भिगो कर भी रख सकते हैं। बनाने से पहले इसे अच्छी तरह से धो जरूर लें।

बीजों को हटाएं

करेले के बीजों में काफी कड़वापन पाया जाता है। ऐसे में आप करेला काटते वक्त इसके बीजों को निकाल दें। बीज निकालने के बाद इसका कड़वापन काफी हद तक कम हो जाएगा।

कार्नर न्यूज

कमजोरी दूर कर अपना आत्मविश्वास बढ़ाने करें फोकस

कहीं आप भी तो नहीं हैं लो कॉन्फिडेंस की शिकार? अपनाएं आत्मविश्वास बढ़ाने के आसान तरीके

कॉन्फिडेंस कम होने के कारण जीवन के हर पड़ाव पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि अपनी कमजोरी को दूर कर आप अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने पर फोकस करें।

आत्मविश्वास जीवन में सफलता की कुंजी है। हालांकि कई बार परिस्थितियां व्यक्ति को आत्मविश्वास में कमी का शिकार बना देती हैं। धीरे-धीरे व्यक्ति पूरी तरह से अपना आत्मविश्वास खो देता है। कई बार व्यक्ति को खुद यह अंदाजा नहीं होता है कि उसमें असल में आत्मविश्वास की कमी है। कुछ संकेतों से यह समझा जा सकता है कि किसी में आत्मविश्वास की कमी तो नहीं। साथ ही कुछ बातों का ध्यान रखकर आत्मविश्वास को वापस भी पाया जा सकता है। तो चलिए इसी के साथ आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से जानते हैं आत्मविश्वास बढ़ाने के आसान तरीके।

आत्मविश्वास में कमी के ये हैं लक्षण?

अगर आप निर्णय लेने में घबराते हैं, हमेशा दूसरों से नकारात्मक रूप में अपनी तुलना करते हैं, किसी से मदद लेने में संकोच करते हैं, अपने बारे में नकारात्मक बातें बोलते हैं और विफलता का डर आपको घेरे रहता है, तो आपमें आत्मविश्वास की कमी है। अगर खुद में ऐसी आदतें पनपती नजर आएं तो सतर्क हो जाएं और ऐसे कदम उठाएं जिनसे आपका आत्मविश्वास लौट आए। अपनी तारीफ को स्वीकार नहीं कर पाना, भविष्य को लेकर शंका में घिरे रहना और हमेशा लोगों को खुश करने की कोशिश में लगे रहना भी इसी का लक्षण है।

खुद को जानें

आत्मविश्वास की ओर बढ़ने की पहली सीढ़ी है खुद को समझना। अपने बारे में आने वाले नकारात्मक विचारों को मन से हटाइए और सकारात्मक बातें सोचिए। अगर कोई बात पसंद न आए तो सामने वाले को न कहना सीखिए। दूसरों से अपनी तुलना बंद कीजिए और कुछ ऐसा कीजिए जो आपको पसंद हो। हमेशा दूसरों की पसंद खुद पर हावी मत होने दीजिए।

अच्छी बातों का जश्न मनाइए

कभी-कभी हम अपने बारे में इतने नकारात्मक हो जाते हैं कि अच्छी बातों पर भी खुशी नहीं मना पाते हैं। ऐसा मत कीजिए। अगर कुछ अच्छा हो तो उसका जश्न मनाइए।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'वूल्वरिन' बने जैकमैन की एडिटेड वीडियो ने इंटरनेट पर मचाया धमाल

'डेडपूल ऐंड वूल्वरिन' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। हालांकि, ट्रेलर में ह्यू जैकमैन 'वूल्वरीन' के मास्क में नजर नहीं आए थे।

अब सोशल मीडिया पर एक एडिटेड वीडियो तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें जैकमैन अपने आइकॉनिक मास्क के साथ नजर आ रहे हैं। 'डेडपूल ऐंड वूल्वरिन' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। फिल्म में अभिनेता ह्यू जैकमैन एक बार फिर 'वूल्वरीन' के किरदार में नजर आने वाले हैं। उनके फैंस को उनका यह अवतार काफी ज्यादा पसंद आता है। दर्शक फिर से उन्हें इस किरदार में देखने के लिए काफी बेताब हैं। ऐसे में एक वीएफएक्स आर्टिस्ट ने उनकी एक वीडियो जारी की है, जिसमें वह 'वूल्वरिन' के कॉस्टयूम में नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। 'वूल्वरिन' के आइकॉनिक कॉस्टयूम में अभिनेता ह्यू जैकमैन को देखने के लिए बेताब उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अब उन्हें इसके लिए फिल्म के रिलीज होने का इंतजार करने की जरुरत नहीं है। दरअसल, एक वीएफएक्स आर्टिस्ट ने एक एडिटेड वीडियो जारी की है, जिसमें जैकमैन अपने आइकॉनिक मास्क में नजर आ रहे हैं। इस एडिटेड वीडियो में उनका मास्क काफी बारीकी से चेहरे पर लगाया गया है, जो देखने में बिल्कुल ओरिजिनल लग रहा है। वीडियो में शामिल दृश्यों को फिल्म के ट्रेलर से उठाया गया है। इस एडिटेड वीडियो को तरन सिंह नाम के एक वीएफएक्स आर्टिस्ट ने अपने एक्स अकांउट पर साझा किया है। इस वीडियो में ट्रेलर से कई दृश्य उठाए गए हैं, लेकिन अब उनमें वूल्वरीन का आइकॉनिक मास्क भी देखा जा सकता है। फिलहाल फिल्म को लेकर जबरदस्त हाइप बनी हुई है। ऐसे में इस वीडियो ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ाने का काम किया है। सोशल मीडिया पर लोग इस वीडियो को लगातार शेयर कर रहे हैं।

टॉलीवुड

कमल हासन की 'ठग लाइफ' में मचने वाला है बवाल

इन दिनों सुपरस्टार कमल हासन की जो फिल्में चर्चा में हैं, उनमें 'ठग लाइफ' भी शामिल हैं।

फिल्म में कमल हासन के साथ-साथ तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। अब इस फिल्म के बाकी कलाकारों को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। यह इतना दिलचस्प है कि हिंदी के दर्शक चौंक उठेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'ठग लाइफ' को लेकर चर्चा चल रही है कि इसमें बॉलीवुड के दो अभिनेता भी काम करते हुए नजर आ सकते हैं। इन अभिनेताओं में पंकज त्रिपाठी और अली फजल का नाम लिया जा रहा है। दोनों ही वेब सीरीज 'मिर्जापुर' में एक साथ काम कर चुके हैं। अगर यह सच साबित हुआ तो हिंदी के दर्शकों के लिए यह बहुत बड़ी बात होगी। पंकज और अली फजल को कमल हासन के साथ देखना वाकई में मजेदार हो सकता है। 'ठग लाइफ' फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकिमणिरत्नम इसका निर्देशन कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलहाल नई दिल्ली में फिल्म की शूटिंग चल रही है। कमल हासन और तृषा के अलावा फिल्म में जोजू जॉर्ज, अभिरामी, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जयम रवि, गौतम कार्तिक और नासर भी अभिनय करते हुए नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मद्रास टॉकीज और रेड जाइंट मूवीज ने किया है। फिल्म में एआर रहमान की धुनें सुनने को मिलेगी।

इस फिल्म में कमल हासन की एक और प्रतिभा देखने को मिलने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कमल ने 'ठग लाइफ' के लिए एक गाना भी लिखा है। कहा जा रहा है कि उन्होंने केवल 2 घंटे में ही इस गाने को लिखा और रिकॉर्ड किया है। कमल हासन इससे पहले भी फिल्मों के लिए गाने लिख चुके हैं। वह कई गानों में अपनी आवाज भी दे चुके हैं।

भोजपुरी

मुहूर्त के साथ शुरू हुई भोजपुरी फिल्म पांच बेटियाँ की शूटिंग

उदय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रेजेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म पांच बेटियाँ की शूटिंग मुहूर्त के साथ उत्तर प्रदेश के खलीलाबाद

में शुरू कर दी गई है। फ़िल्म एक सम्पूर्ण पारिवारिक कहानी है जोकि पाँच बेटियों पर आधारित है। जो आम जनमानस के जीवन से कहीं न कहीं जुड़ी हुई हैं। फ़िल्म का निर्माण उदय फ़िल्म एंटरटेनमेंट प्रेजेंट के बैनर तले हो रहा है जिसके निर्माता सुधा वर्मा व सह निर्माता अमरनाथ वर्मा हैं। और लेखक निर्देशक बबलू गद्दी है। वहीं प्रदीप शर्मा इस फ़िल्म को कैमरे में कैद करेंगे। डांस मास्टर विवेक थापा एवं फाइट मास्टर अशोक लाल यादव हैं। फ़िल्म के लेखक निर्देशक बबलू गद्दी बताया कि यह महिला प्रधान फ़िल्म हैं जिसमे बेटियों के जीवन की कहानी है। वहीं इस फ़िल्म में इमोशन, ड्रामा, रिश्ते नाते और अपनी संस्कृति को ध्यान में रखकर फ़िल्म की मेकिंग कर रहे हैं। नृत्य विवेक थापा है! मारधाड़ अशोक लाल यादव का है!गीत शेखर मधुर व राजेश मिश्रा है! संगीत अशोक सिन्हा व अनूश तिवारी है!

जर्मनी लाल परियां

विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद दो हिस्सों में बंट चुके जर्मनी में एकीकरण के बाद पिछले करीब 4 दशक से फैशन उद्योग ने अच्छी तरक्की की है। यहां के बर्लिन फैशन शो का इंतजार दुनिया भर के फैशन से जुड़े लोगों को रहता है। पिछले दिनों समर कलेक्शन के साथ जैस्मिन इरबास ने अपना मॉडल रैम्प पर उतारे। लाल रंग में समर को खूबसूरती से बयां करती मॉडल को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

त्वचा को डीप करने के लिए फेशियल की जगह ये चीजें आएंगी काम, चेहरा जाएगा चमक

गर्मी का मौसम चरम पर है। इस मौसम में अक्सर त्वचा में मौजूद पोर्स में ऑयल की मात्रा बढ़ जाती है, जिसके कारण त्वचा चिपचिपी नजर आने लगती है। आमतौर पर गर्मी ही नहीं, बल्कि त्वचा का निखार खो जाने के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए घर में मौजूद चीजें बेहद फायदेमंद होती हैं। तो आइये जानते हैं स्किन को डीप क्लीन करने के लिए घरेलू नुस्खा। साथ ही, बताएंगे इस नुस्खे से त्वचा को मिलने वाले फायदों के बारे में-

कॉफी और खीरा स्किन में मौजूद पोर्स को डीप क्लीन करने में मदद करते हैं। त्वचा से टैनिंग हटाने के काम आती है। स्किन को ब्राइट करने में लाभदायक है। त्वचा के लिए नेचुरल स्क्रब की तरह से काम करती है।

खीरे को चेहरे पर लगाने के फायदे क्या हैं ?: खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करने के काम आते हैं। खीरे में मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।

चेहरे की त्वचा को डीप क्लीन करने के लिए घरेलू उपाय: चेहरे की त्वचा को डीप क्लीन करने के लिए सबसे पहले वक खीरे को पीस लें। इसके बाद एक बाउल में आधा चम्मच कॉफी की डालें। आपस में दोनों को अच्छी तरह से मिलाने के बाद चेहरे पर लगा लें। 5 मिनट तक हल्के हाथों के दबाव से नाक पर स्क्रब करें। पानी और कॉटन की मदद से नाक आर लगे स्क्रब को साफ कर लें। इस तरह आप हफ्ते में 2 से 3 बार तक कॉफी से बनी स्क्रब चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं।

मॉडर्न और फैंसी लुक देने में मदद करेंगे कुर्ती नेक के ये लेटेस्ट डिजाइंस

अपने लुक में चार चांद लगाने के लिए आपको कुर्ती की स्टाइलिंग लेटेस्ट फैशन और बॉडी टाइप को ध्यान में रखकर ही करनी चाहिए।

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में ज्यादातर हम कम्फ़र्टेबल रहने के लिए कुर्ती को जीन्स से लेकर पजामी तक के साथ में पहनते हैं। इसके लिए आपको मार्केट में कई तरह की रेडीमेड कुर्तियां देखने को मिल जाएंगी, लेकिन हम फिर भी अपने लिए परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए कुर्ती को सिलवाना ही पसंद करते हैं। बदलते फैशन के दौर में आजकल कुर्ती की नेकलाइन के लिए आपको कई डिजाइंस ऑनलाइन भी मिल जाएंगे, लेकिन जरूरी नहीं वे सभी आप पर खूबसूरत नजर आए। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं कुर्ती की नेकलाइन के लिए मॉडर्न और फैंसी लुक देने वाले कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे अपने लुक को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

सिंगल शोल्डर कुर्ती डिजाइन: मॉडर्न और स्टाइलिश लुक पाने के लिए इस तरह से आप एक तरफ के कंधे वाले यानी सिंगल शोल्डर डिजाइन की नेकलाइन वाली कुर्ती सिलवा सकती हैं। इस तरह की कुर्ती के साथ में आप कमर पर चौड़ी या पतले डिजाइन वाली बेल्ट को भी स्टाइल कर सकती हैं। लेंथ के लिए आप घुटने से नीचे तक लेकर जाए। देखने में इस तरह की कुर्ती आपको काफी मॉडर्न लुक देने में मदद करेगी।

की-होल नेक डिजाइन कुर्ती: कुर्ती को ट्रेडिशनल लुक में स्टाइल करना चाहती हैं, लेकिन नेकलाइन के लिए भी कोई न कोई सिंपल सा डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो इस तरह से आप की-होल नेकलाइन बनवा सकती हैं। इस तरह का नेक डिजाइन आप शॉर्ट से लेकर लॉन्ग लेंथ वाली कुर्तियों के साथ में बनवा सकती हैं। फैंसी लुक के लिए आप नेकलाइन में डिजाइन वाले बटन को भी लगवा सकती हैं।

ऑफ शोल्डर स्वीटहार्ट नेक कुर्ती डिजाइन: स्वीटहार्ट नेकलाइन एवरग्रीन फैशन में रहती है। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप स्वीटहार्ट नेकलाइन में ऑफ शोल्डर स्टाइल बनवा सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आप ड्रेस की तरह भी स्टाइल कर सकती हैं। देखने में इस तरह का लुक काफी मॉडर्न नजर आएगा।

इन देसी तरीकों को अपनाकर सनबर्न की समस्या से पा सकती हैं राहत

गर्मियों में घर से बाहर निकलते सनबर्न की समय हो सकती हैं। ऐसे में गर्मियों में बाहर निकलने से डर लगता है। अगर आप भी सनबर्न के कारण अपने जरूरी से जरूरी काम के लिए भी घर से बाहर नहीं निकल पाती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप इस गर्मी किन देसी तरीकों को अपनाकर आसानी से सनबर्न की समस्या से राहत पा सकती हैं।

एलोवेरा जेल जरूर लगाएं

सनबर्न से तुरंत राहत पाना है तो आपको एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना चाहिए। सबसे पहले आपको ठंडे पानी से अपने चेहरे को धोना है। इसके बाद आप टिशू की मदद से अपने चेहरे को पोछें। फिर एलोवेरा जेल को पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। आधे घंटे के बाद आप अपने चेहरे को धो सकती हैं। ध्यान रखें कि आपको फ्रेश एलोवेरा का ही अपने चेहरे पर इस्तेमाल करना चाहिए।

बर्फ लगाएं

सनबर्न अगर ज्यादा हो गया है तो आपको एलोवेरा के बाद अपने चेहरे पर बर्फ से सिकाई करना चाहिए। आईस क्यूब को साफ सूती कपड़ों के बीच में रखें। फिर इसे अपने चेहरे पर रगड़ें। ऐसे में आपका चेहरा चमकने लगेगा। अगर आपको ठंड ज्यादा लगती हैं तो आप आईस क्यूब को एक बड़ी कटोरी में डालें अब इसमें साफ पानी मिला लें। फिर इस पानी में आपको फेस को डुबोकर रखना है। ऐसे आपको 4 से 5 बार करना है। ऐसे में आपको सनबर्न की समस्या से राहत मिल जाएगा।

समय नहीं है तो दो मिनट में मेकअप कर हो जाएं तैयार, जानें सही तरीका

पार्टी या फंक्शन में जाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन यहां पर जानें से पहले अपने लुक को सोचकर रखते हैं। ऐसा इसलिए ताकि हम तैयार होने में समय कम लगे। साथ ही जब हम तैयार हो जाएं तो सबसे अलग नजर आए। कई सारे लोग रेडी होने के लिए पार्लर जाना भी पसंद करते हैं, ताकि मेकअप और हेयर स्टाइल क्रिएट करा सके। लेकिन हम आपको मेकअप आर्टिस्ट मीनाषी दत्ता ने जिन टिप्स को अपने वीडियो में बताया है उसके बारे में बताएंगे। इसमें उन्होंने 2 मिनट में मेकअप करने के तरीके को शेयर किया है। चलिए आपको भी बताते हैं कैसे आप 2 मिनट में मेकअप कर सकती हैं।

मेकअप बेस के लिए लगाए बीबी और सीसी क्रीम

अगर आपको बजट कम है तो ऐसे में आप बेस के लिए कंसीलर और फाउंडेशन की जगह बीबी और सीसी क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से खरीदें और चेहरे पर प्राइमर लगाने के बाद इसे अप्लाई करें। आप चाहें तो ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से अच्छे पूरे फेस पर ब्लेंड कर सकती हैं। इसके बाद पाउडर से इसे सेट करें।

लिप टिंट का करें इस्तेमाल

कई लोग ब्लश लगाने के लिए पिंक कलर का ब्लश पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। आजकल यह कॉन्टोर के साथ भी आता है। लेकिन अगर आपके पास यह नहीं है तो इसकी जगह पर लिप टिंट का इस्तेमाल मेकअप के लिए कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

इस मौसम में अक्सर स्विमिंग पूल में वक्त बिताते हैं तो जान लीजिए जरूरी टिप्स

स्विमिंग पूल में जाने से पहले अपनाएं टिप्स तो टैनिंग और हेयर फॉल की समस्या होगी कम

स्विमिंग करने के दौरान स्किन और हेयर की केयर करना जरूरी हैं ताकि टैनिंग और हेयर फॉल की समस्या से बचा जा सके। समर सीजन में अक्सर महिलाएं स्विमिंग करना या सीखना पसंद करती हैं लेकिन स्विमिंग के दौरान स्किन और बालों की केयर करना बहुत जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि स्विमिंग पूल में क्लोरीन केमिकल डाला जाता हैं और इस क्लोरीन केमिकल की वजह से कई बार हेयर फॉल की समस्या शुरू हो जाती तो वहीं स्विमिंग के दौरान त्वचा काली भी हो जाती हैं। इसी वजह से स्विमिंग करने के दौरन स्किन और बालों की केयर करना बहुत जरूरी है।

सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

स्विमिंग के दौरान टैनिंग की समस्या पैदा हो सकती है। वहीं ये समस्या न हो इसके लिए आप स्विमिंग करने से पहले सनस्क्रीन लगाएं। सनस्क्रीन लगाने से टैनिंग की समस्या नहीं होगी । सनस्क्रीन लगाने से जहां टैनिंग की समस्या नहीं होगी तो वहीं सनस्क्रीन लगाने से स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होने के चांस हैं। वहीं सनस्क्रीन का इस्तेमाल आप स्विमिंग करने से 15 मिनट पहले करें।

त्वचा को करें मॉइस्चराइज

वहीं त्वचा की केयर करने के लिए आपमॉइस्चराइजर का इस्तेमालकर सकती हैं ताकि पूल के क्लोरीन पानी से त्वचा को नुकसान हो सकती है। मॉइस्चराइजर लगाने से स्किन के ड्राई होने की समस्या नहीं होगी। वहीं स्विमिंग करने के बाद भी स्किन को मॉइस्चराइजर करें। लेकिन इस दौरान ध्यान रखने कि जो आपकी स्किन को टन के हिसाब से ही मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। वहीं ग्लिसरीन, तेल या पेट्रोलियम युक्त मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल किया जा सकता हैं।

इस तरह करें बालों की देखभाल

पूल में जाने से पहले बालों को अच्छी तरह बांध लें। वहीं बालों को अच्छी तरह से ऑयललगा लें ताकि बालों को कोई नुकसान न हो। वहीं बालों को नुकसान से बचाने के लिए पूल से आने के बाद बालों को अच्छी तरह से धोएं। इसके लिए आप कंडीशनर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

इन बातों का भी रखें ख्याल

स्विमिंग करने से बाद अपने सूट को करें क्लीन, पूल में जाने से पहले सर पर पहन सकती हैं।